कोटद्वार, रविवार
4 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 272 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# एक मजबूत यूसीसी कानून बनाया जाएगा : धामी

□ मुख्यमंत्री ने किया पौड़ी में 800 करोड़ की 353 विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण □ रांसी स्टेडियम में शहीद जसवंत सिंह रावत की मूर्ति का किया अनावरण □ कण्डोलिया में जनरल बिपिन रावत पार्क का किया लोकार्पण


सीएम पुष्कर सिंह धामी विकास योजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास करते हुए।


पौड़ी में रोड़ शो के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी में शनिवार को 800 करोड़ लागत की 353 विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें 134.61 करोड़ की 196 योजनाओं का लोकार्पण तथा 666.13 करोड़ की 157 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। सीएम ने कहा कि इन योजनाओं से पौड़ी गढ़वाल का और तेजी से विकास होगा। सीएम ने यहां आयोजित दिशा ध्याणी ब्वै ब्वारी कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाएगी। कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के लिए कृतसंकल्प है और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रदेश में काम हो रहा है। मातृशक्ति के विकास के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है।

कंडोलिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार समान नागरिकता संहिता कानून को कैबिनेट में लाने के बाद जल्द ही विधेयक के तौर पर लाएगी और एक मजबूत यूसीसी कानून बनाया जाएगा। कहा कि प्रदेश सरकार ने नकल विरोधी कानून से लेकर धर्मान्तरण कानून आदि मजबूत काम किए। इसके साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया और अतिक्रमण को लेकर भी कड़ी कार्रवाई की। प्रदेश में पहली बार जनता ने दुबारा सरकार को चुना और आगे भी चुनेगी। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते खोले और अब हर तरह की सब्सिडी सीधे खाते में ही मिल पा रही है। पहले ऐसा नहीं था ये पैसा बिचौलिए के हाथों में चला जाता था। कहा कि कुटीर उद्योगों में महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है। प्रदेश सरकार ने भी इस दिशा में काम किया। आंगनबाड़ी, वीर चंद्र सिंह गढ़वाल पर्यटन योजना सहित अन्य योजनाओं को गिनवाते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने पौड़ी जिले में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वतों की संख्या भी गिनवाई। साथ ही पौड़ी में योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास को लेकर सीएम ने कहा कि इनसे पौड़ी में विकास का नया युग शुरू होगा। उन्होंने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली से लेकर तीलू रौतेली और महावीर चक्र बाबा जसवंत सिंह सहित पहले सीडीएस दिवंगत जनरल बिपिन रावत आदि का नाम लेते हए कहा कि पौड़ी कई विभूतियों की जन्म भूमि है। कंडोलिया मैदान में उमड़ी अपार मातृशक्ति को लेकर सीएम ने कहा कि महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम करने के साथ ही और के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करने का काम कर रही है। स्थानीय उत्पादों के स्टॉल इस बात का द्योतक है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। ये लोकल फॉर वोकल की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत है। इस मौके पर स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, लैंसडाउन विधायक दिलीप रावत, यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजेन्द्र अंथवाल, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे, महानिरीक्षक गढ़वाल के.एस. नगन्याल, जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, पूर्व विधायक मुकेश कोहली, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम सहित बड़ी संख्या में आम जनमानस उपस्थित थे।

## सीएम ने पारंपरिक तरीके से कूटा अनाज

पौड़ी : शनिवार को पौड़ी के कंडोलिया मैदान पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संबोधन मातृशक्ति पर केंद्रित रहा। उन्होंने शुरूआत में ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की सभी को शपथ दिलाई। साथ ही कंडोलिया मैदान में महिलाओं के स्थानीय उत्पादों की अपने संबोधन में कई बार तारीफ की और इसे ग्रामीण आर्थिकी की मजबूती बताया। यहां प्रदर्शन में आयोजित जदंरा को भी उन्होंने महिलाओं के साथ चलाया, जबकि पारंपारिक तरीके से अनाज को भी कूटा। इस बारे में सीएम ने महिलाओं से जानकारी भी ली।

## भारत रत्न मिलने पर पूर्व उप प्रधानमंत्री को दी बधाई

पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कार सिंह धामी ने वरिष्ठ नेता लाकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर भी मंच से ही सबको बधाइयां दी। वहीं शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने भी पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी। अपने संबोधन में डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अभी तक जिन भी जिलों में कार्यक्रम हुए हैं उनमें सबसे अधिक लोग पौड़ी आए हैं। उन्होंने रांसी मैदान में महावीर चक्र विजेता जसवंत सिंह, जनरल विपिन रावत की मूर्ति अनावरण करने और सौ फीट ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण करने पर सीएम का आभार जताया।

कहा कि यूसीसी का ड्राफ्ट सौंपा गया है उसे आज ही कैबिनेट में लाया जाएगा। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पूरे 500 सालों बाद अयोध्या में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। एक लंबे संघर्ष के बाद भव्य राम मंदिर बन गया।

## मुख्यमंत्री के रोड शो में उमड़ा लोगों का हुजुम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शनिवार को पौड़ी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रांसी मैदान में बाबा जसवंत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। रांसी मैदान को पहले ही महावीर चक्र विजेता जसंवत सिंह के नाम पर किए जाने की घोषणा हो गई थी। सीएम ने यहां उनकी प्रतिमा का भी अनावरण किया। इसके बाद सीएम ने रोड शो में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री का रोड शो रांसी मैदान से ही शुरू हुआ। करीब डेढ़ किलोमीटर तक रांसी मार्ग के दोनों ओर सीएम पर लोगों ने पुष्प वर्षा की। इस दौरान सीएम ने भी लोगों पर खूब फूल बरसाएं और लोगों का अभिवादन किया।

सीएम के आगमन को लेकर जिले भर से लोगों का हुजुम उमड़ा था। पौड़ी में पहली बार इतना बड़ा जनसमूह देखने को मिला। श्रीनगर, कोटद्वार के साथ ही लोग कल्जीखाल, बीरोंखाल, रिखणीखाल, थलीसैंण, दुगड्डा, धुमाकोट, पोखड़ा व एकेश्वर आदि स्थानों से पौड़ी पहुंचे थे। इसमें महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रही। वहीं इसके साथ ही पूर्व सैनिक संगठन, प्रधान संगठन, विभिन्न ग्राम सभाओं से जनप्रतिनिधि और ब्लाकों के पदाधिकारियों के साथ ही बीजेपी के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता यहां पहुंचे थे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन बीते कई दिनों से तैयारियों में जुटा रहा। सीएम को रांसी मैदान से ही एक खुले वाहन में बिठाया गया। उनके साथ पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और पौड़ी के विधायक राजकुमा पोरी भी रहे। इस दौरान पुलिस ने चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्थाएं की हुई थी।

## नीलामी खरीदार अगर भुगतान में चूक करता है तो ऋणदाता बैंक को बयाना राशि जब्त करने का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने एक ताजा फैसले में कहा है कि एक सुरक्षित ऋणदाता होने के नाते बैंक एक सफल नीलामी–खरीदार की बयाना राशि जब्त कर सकता है, यदि वह निर्दिष्ट समय–सीमा के भीतर शेष राशि जमा करने में विफल रहता है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि नियम 9(5) के तहत प्रदान की गई जब्ती में किसी भी तरह की कमी के परिणामस्वरूप सरफेसी अधिनियम के तहत पूरी नीलामी प्रक्रिया शरारती नीलामी क्रेता द्वारा बेकार हो जाएगी। दिखावटी बोलियों के माध्यम से, और इस तरह वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने, एनपीए को कम करने और खराब ऋणों की वसूली के लिए एक अधिक कुशल और सुव्यवस्थित तंत्र को बढ़ावा देने के कानून के समग्र उद्देश्य को कमजोर कर दिया। पीठ ने कहा कि सरफेसी नियमों के नियम 9(5) के तहत जमा राशि का 25 प्रतिशत जब्त करने का परिणाम एक कानूनी परिणाम है, जो शेष राशि के भुगतान में चूक की स्थिति में वैधानिक रूप से प्रदान किया गया है और सरफेसी अधिनियम और नियम बनाए गए हैं,

## पिथौरागढ़–देहरादून विमान सेवा शुरू, मार्च तक की बुकिंग फुल

देहरादून। पिथौरागढ़–देहरादून के बीच पहली बार 19 सीटर यात्री विमान सेवा शुक्रवार को शुरू हो गई है। विमान यात्रा के लिए बुकिंग शुरू होने के बाद तीन दिन में ही दोनों तरफ आवाजाही के लिए मार्च तक की बुकिंग फुल हो गई है। यात्री विमान मौसम की खराबी के चलते देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट से सुबह 10:30 बजे के अपने नियत समय से करीब एक घंटा देरी से 11:30 बजे उड़ा। यह विमान दोपहर 12:50 बजे नैनी सैनी एयरपोर्ट में उतरा। कंपनी के एयरपोर्ट मैनेजर राजेश कुमार के नेतृत्व में कंपनी के कर्मियों ने पहली फ्लाइट से आए यात्रियों का स्वागत किया। पहली यात्री फ्लाइट से मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर सचिव संजय टोलिया, जिला सहकारी बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज सामंत के साथ ही 10 लोग यहां पहुंचे। टोलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से यह संभव हो सका है।

## ट्रक ड्राइवरों के लिए पीएम मोदी का बड़ा ऐलान

### नेशनल हाईवे पर आराम के लिए बनेंगे सुविधाओं से लैस भवन

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालकों के आराम के लिये जगह–जगह आधुनिक भवनों के निर्माण कराए जाएंगे। मोदी राजधानी में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य तक पहुंचाने में यातायात एवं माल परिवन क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर वाहन चालकों की भूमिका का भी उल्लेख किया और कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वे ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का एक अभिन्न हिस्सा हैं।



उन्होंने कहा कि अक्सर ये चालक घंटो–घंटों लगातार ट्रक चलाते हैं, इनके पास आराम का समय कम रहता है। उन्होंने कहा कि ट्रक ड्राइवरों को रास्ते में आराम देने के लिए केंद्र सरकार ने एक नयी योजना पर काम शुरू कर दिया है।

# 75वें गणतन्त्र दिवस परेड में प्रतिभाग करने वाले एनसीसी कैडेट्स राजभवन में हुए सम्मानित

देहरादून। राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में 75वें गणतन्त्र दिवस परेड में प्रतिभाग करने वाले एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया। गौरतलब है कि उत्तराखंड से इस वर्ष की गणतंत्र दिवस में आयोजित परेड और अन्य गतिविधियों में 122 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया जिसमें 46 लड़कियां भी शामिल रहीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने एनसीसी 11 यूके बटालियन (गर्ल्स) मेजर शशि मेहता को भी सम्मानित किया। उन्होंने झांसी से दिल्ली तक की नारी शक्ति वंदन दौड़ में प्रतिभाग करते हुए 470 किलोमीटर की दूरी तय कर रिकॉर्ड बनाया। राज्यपाल ने इस असाधारण उपलब्धि के लिए मेजर शशि मेहता की सराहना की।



कैडेट्स को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिविर और कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में प्रतिभाग करना आपकी प्रतिबद्धता और अटूट समर्पण का परिणाम है। इस प्रकार के कार्यक्रम का हिस्सा होना गर्व और प्रतिष्ठा के साथ-साथ यह आपको जीवन की स्मृतियों में हमेशा याद रहेगा जिसकी तुलना किसी अन्य आयोजन से किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह अनुभव और सीख जीवन भर आपको गर्व और आत्मविश्वास के साथ देश, समाज के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

राज्यपाल ने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि गणतंत्र दिवस जैसे विशिष्ट समारोह में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह आपके कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय से संभव हो सका है। उन्होंने कहा की उत्तराखंड के एनसीसी कैडेट्स अन्य कैडेट्स की तुलना में अलग हैं आपका प्रशिक्षण और अभ्यास उत्कृष्ट है। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी में सिखाये जाने वाले एकता और अनुशासन के मूल मंत्र को जीवन के अंतिम पग तक अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी की गतिविधियां सकारात्मक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने के साथ ही चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं और अमृतकाल में नए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ज़िम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है।

उन्होंने आप सभी युवा अपने सपने और संकल्प हमेशा ऊंचे रखें। राज्यपाल ने कहा कि इन सभी उपलब्धियों के पीछे आपके माता-पिता का अहम योगदान है जिसे सदैव याद रखें। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय के अधिकारियों द्वारा कैडेट्स के चयन प्रक्रिया से लेकर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम तक की सभी गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया गया। इस दौरान राज्यपाल ने कैडेट्स से मुलाकात कर उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स सांस्कृतिक नृत्य के ज़रिए मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी।

## संक्षिप्त समाचार

### बर्फबारी न होने से पहाड़ में किसान और पर्यटन को नुकसान

नैनीताल। बारिश और बर्फबारी न होने से जहां नई फसलों के लिए काश्तकारों को नुकसान हो रहा है, वहीं पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हुआ है। नैनीताल से लेकर मुक्तेश्वर तक पर्यटन कारोबार कम हुआ है। नैनीताल के साथ ही रामगढ़ एवं मुक्तेश्वर में इस सीजन में अब तक बर्फबारी न होने से यहां आने वाले पर्यटक निराश हैं। बर्फबारी न होने से पर्यटकों की ओर से एडवांस बुकिंग रद कराई जा रही हैं। होटल एसोसिएशन मुक्तेश्वर के अध्यक्ष सुनील साही ने बताया, रविवार को मौसम विभाग के अलर्ट के बाद बर्फ गिरी तो राहत मिलेगी। क्षेत्र के करीब 40 से 50 होटल होम स्टे पूरी तरह खाली हैं। होटल एसोसिएशन भवाली के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कपिल ने कहा, इस बार बर्फबारी न होने से लीज पर होटल चला रहे कारोबारियों के लिए मुसीबत बढ़ गई है। पर्यटकों के नहीं पहुंचने से खर्चे निकालना भी मुश्किल साबित हो रहा है। दूसरी ओर काश्तकार भी मौसम की मार झेल रहे हैं। रामगढ़ के बागवानों के अनुसार यहां सेव, प्लम, आड़ू, खुमानी आदि की फसलें बारिश और बर्फबारी का इंतजार कर रही हैं। साथ ही सब्जी समेत अन्य फसलों को भी बारिश नहीं होने का नुकसान हो रहा है।

### धारा-144 रहेगी लागू

देहरादून। जिला मजिस्ट्रेट सोनिका ने अवगत कराया है कि 05 फरवरी 2024 से आरम्भ हो रहे विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न संगठनों तथा समुदायों द्वारा प्रदर्शन, एवं अन्य प्रकार की गतिविधियों के कारण शान्ति व्यवस्था प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने की पूर्ण सम्भावना है। विधानसभा परिसर के चारों ओर 300 मीटर की परिधि में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के लागू रहेगी। उक्त क्षेत्रान्तर्गत कोई भी व्यक्ति अग्नेयास्त्र, लाठी, हाकी, स्टिक, तलवार अथवा अन्य कोई तेज धार वाला अस्त्र जिसका फल ढ़ाई इंच से अधिक न हो, बम और किसी अन्य प्रकार की बारूद वाले अस्त्र जिसका प्रयोग हिंसा के लिए किया जाता हो, लेकर नहीं चलेगा और न ही कोई हिंसा के प्रयोग हेतु ईंट, पत्थर रोड़ा आदि एकत्र करेगा। कोई भी व्यक्ति अपने घर के आँगन के अतिरिक्त पटाखों एवं बारूद से बने किसी भी वस्तु का प्रयोग सड़क, गली व चौराहे पर नहीं करेगा। शस्त्र अथवा लाठी लेकर चलने का प्रतिबन्ध ड्यूटी पर कार्यरत राजकीय सेवकों व ऐसे विकलांग जिनके लिए लाठी का सहारा आवश्यक है, पर लागू नहीं होगा। उक्त क्षेत्रान्तर्गत किसी भी प्रकार की नारेबाजी, लाउडस्पीकर का प्रयोग सरकारी इमारतों पर नारे लिखना, साम्प्रदायिक भावना भड़ काने वाले उत्तेजक भाषण करना, किसी प्रकार के भ्रामक साहित्य के प्रचार-प्रसार आदि को भी प्रतिबन्धित रहेगा। क्षेत्रान्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर, चौराहे पर अथवा अन्य जगह पाँच या उससे अधिक व्यक्ति एकत्र नहीं होंगे तथा किसी भी प्रकार के समूह में बसों, ट्रैक्टर, ट्रॉलियों अथवा दोपहिये वाहनों तथा चौपहिया वाहनों के जुलूस की शक्ल में एकत्र होने पर प्रतिबन्ध लगाया जाता है। किसी भी प्रकार के जुलूस / प्रदर्शन सार्वजनिक सभा प्रकार का आयोजन बिना पूर्व अनुमति के नहीं किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति राजकीय सम्पत्ति को किसी प्रकार की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से क्षति नहीं पहुँचायेगा।

# राज्य में इन्वेस्टमेंट का हल्ला, धरातल पर कुछ भी नहीं: हरीश रावत

हरिद्वार। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने शनिवार को केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य में इन्वेस्टमेंट का हल्ला है, लेकिन धरातल पर कहीं कुछ दिखायी नहीं दे रहा। दूसरी तरफ सात सौ छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां या तो बंद हो चुकी हैं या बंद होने के कगार पर हैं।



हरीश रावत ने कहा हरिद्वार सिडकुल की हालत भी कुछ ऐसी है, यहां कर्मचारियों को निकाला जा रहा है। इसलिए मैं जल्द ही इसके खिलाफ सिडकुल में पदयात्रा निकालूंगा। रावत ने जिला खाद्यपूर्ति अधिकारी के कार्यालय के बाहर भी धरना देने की बात कही। हरिद्वार में प्रेसवार्ता कर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कर्मशील और कार्यशील वर्ग को यह बजट लाभान्वित नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा गरीब लोगों को मुफ्त में राशन देने का दावा करने वाली सरकार ने जिले के तीन हजार बीपीएल कार्ड धारकों के कार्ड अवैध रूप से जब्त किए हुए हैं। पूछने पर जिले के अधिकारी राज्य के अधिकारियों पर और राज्य के बड़े अधिकारी दिल्ली तक के अधिकारियों की तरफ घुमा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से जब्त कार्डों को कार्ड धारकों को दस दिन के भीतर वापस नहीं किया गया तो मैं जिला खाद्यपूर्ति अधिकारी कार्यलय के बाहर धरना दूंगा। ओलावृष्टि से हुए किसानों के नुकसान का आंकलन कर मुआवजा देने की मांग भी हरीश रावत ने उठाई ।प्रेसवार्ता में महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, कार्यकारी महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, पूर्व विधायक रामयश सिंह, मुरली मनोहर, राजबीर चौहान, ओपी चौहान, संतोष चौहान, महेश प्रताप राणा, राव आफ-ाक आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्रवार दिवस नोडल अधिकारी नामित किये

देहरादून। नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार ने अवगत कराया है कि राज्यों में भारत सरकार की प्रमुख जनलाभार्थी योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँच सुनिश्चित किये जाने हेतु ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एलईसी वाहन से 05.02.2024 से 09.02.2024 तक संचालन किया जा रहा है। नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून ने नगरीय क्षेत्र में यात्रा के सफल संचालन हेतु जिसके सफल संचालन हेतु क्षेत्रवार दिवस नोडल अधिकारी नामित किये है।05 फरवरी को देवऋषि विहार वार्ड संख्या 72 में प्रातः 9:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक, सहायक आयुक्त विजय प्रताप, तथा आमवाला तरला (ऋषि नगर वार्ड संख्या 61 में) में अपरान्ह 02 बजे से सांय 06 बजे तक, सहायक आयुक्त रविन्द्र कुमार, 06 फरवरी 2024 को बंजारावाला में प्रातः 09:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक, सहायक आयुक्त अंकिता जोशी, तथा रेनबसेरा वार्ड संख्या डालनवाला में अपरान्ह 02 बजे से सायं 06 बजे तक, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी दिनेश चन्द्र तिवारी, 07 फरवरी 2024 को श्यामपुर दुर्गा मन्दिर प्रातः 9:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक, सहायक अभियंता जय प्रकाश तथा द्रोणपुरी वार्ड संख्या 43 अपरान्ह 02 बजे से सांय 06 बजे तक, सहायक आयुक्त शान्ति प्रसाद जोशी, 08 फरवरी 2024 को कौलागढ चौक कैनाल रोड वार्ड संख्या-31, में प्रातः 9:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक, दिवस अधिकारी, सहायक आयुक्त विजय प्रताप सिंह, को दिवस नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

### मागटी-पोखरी-मरोग खेड़ा मोटर मार्ग की मरम्मत की जाए

विकासनगर। पीएमजीएसवाई कालसी द्वारा निर्मित मागटी-पोखरी-मरोग खेड़ा मोटर मार्ग के जर्जर हालत में पहुंच जाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेज मार्ग को ठीक कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग लगभग पचास वर्ष पुराना है। वर्ष 2015 में पीएमजीएसवाई के द्वारा तीन करोड़ रुपये की लागत से इस मार्ग का सुधारीकरण किया गया था, लेकिन विभाग द्वारा उस वक्त भी मार्ग निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। इस बारे में कई बार ग्रामीणों ने अधिकारियों को शिकायत भी की, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की। बताया कि बरसात के दौरान मार्ग पर जगह-जगह स्लिप आने के साथ ही कई जगह से मार्ग धंसने भी लगा है। मार्ग पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ने लगी हैं, जबकि मार्ग पर दशकों पूर्व बने पुल की हालत भी खराब हो रही है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। बताया कि यह साढ़े चौदह किलोमीटर लंबा मोटर मार्ग मागटी क्षेत्र के ग्रामीणों को सीधा सहिया मंडी से जोड़ता है। इस मार्ग से होकर क्षेत्र के 40 गांवों के किसान अपनी फसलों को मंडी तक पहुंचाते हैं।

# आईएमए के नवनियुक्त कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में आईएमए के नवनियुक्त कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने शिष्टाचार मुलाकात की।

# सावधानः यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडरा रहा खतरा, सरकारी सिस्टम नहीं दे रहा ध्यान

◈बरसात के बाद से बदहाल हुए कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग की नहीं ली जा रही सुध

◈कोटद्वार-दुगड्डा के बीच 15 किलोमीटर के पूरे सफर में दस से अधिक स्थान पर बने है डेंजर जोन



कोटद्वार दुगड्डा के मध्य बदहाल स्थिति में पड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : यदि आप कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर कर रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। दरसअल, यहां पग-पग पर बदहाल हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग कब आपकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। 15 किलोमीटर के पूरे सफर में दस से अधिक स्थानों पर डेंजर जोन बने हुए हैं। सरकारी सिस्टम भी बरसात के बाद से बदहाल राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत की सुध नहीं ले रहा। भूस्खलन व सड़क पर बने गड्ढे वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं।

अगस्त माह में वर्षा काल के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग बदहाल हो गया था। जगह-जगह बोल्डर व मलबा आने के कारण कई दिन तक राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह बंद रहा। स्थिति यह थी कि कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा ही खोह नदी में ढह गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने जेसीबी व पोकलैंड मशीनों से मलबा हटाकर आवाजाही की व्यवस्था बनाई। लेकिन, आज तक बदहाल हुए हिस्सों को सुधारने की सुध नहीं ली गई। नतीजा गड्ढों व भूस्खलन से संकरे हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवाजाही के दौरान वाहन चालकों की सांसे अटकी रहती हैं। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को होती है। कई स्थानों पर विपरीत दिशा से आ रहे वाहनों के गुजरने तक का हिस्सा नहीं बचा है। ऐसे में जाम की स्थिति भी बनी रहती है।

## इन स्थानों पर बने हैं डेंजर जोन

कोटद्वार से दुगड्डा तक 15 किलोमीटर के सफर में दस से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं। सिद्धबली के समीप लालपुल से करीब पांच सौ मीटर पहले राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा ढह गया था। जिसके बाद एनएच विभाग ने पत्थरों की दीवार खड़ी कर वैकल्पिक व्यवस्था की है। पांचवे मील से करीब दो सौ मीटर आगे पहाड़ी का पूरा हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया है। हालांकि मलबे को तो हटा दिया गया था। लेकिन, गड्ढों को नहीं भरा गया। यहीं हालत सातवें किलोमीटर तक तीन से चार स्थानों पर बनी हुई है। बरसाती रपट से दो सौ मीटर आगे राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा खोह नदी में समा गया था। लेकिन, अब तक इसके मरम्मत की सुध नहीं ली गई। जगह-जगह इसी तरह लापरवाही देखने को मिल रही है।

## काश्तकारों की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आश्वासन के बाद भी काश्तकारों की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर मालनी किसान पंचायत ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि काश्तकारों को समय सेस बीज, खाद व सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में काश्तकार खेती छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

कहा कि काश्तकारों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शनिवार को पंचायत के अध्यक्ष जेपी बहुखंडी की अध्यक्षता में मगनपुर में किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों को उन्नत किस्म के बीज समय पर न मिलने का मुद्दा उठा। काश्तकारों ने सिंचाई गूलों की बदहाल स्थिति पर भी चिंता जताई। कहा कि क्षतिग्रस्त गूलों से खेतों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग से कई बार क्षतिग्रस्त गूलों की मरम्मत की मांग भी की जा चुकी है। लेकिन, सिंचाई गूलों की हालत जस की तस बनी हुई है। कहा कि वर्तमान में निराश्रित गोवंश आए दिन खेतों में खड़ी फसल को चट कर रहे हैं। बैठक में किसानों ने लालढांग-चिलरखाल वन मोटर मार्ग, मालन पुल निर्माण के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण का मुद्दा भी उठाया। बैठक में मालनी किसान पंचायत का विस्तार भी किया गया। कार्यकारिणी में सतेंद्र सिंह को सह सचिव, हरि सिंह रावत को प्रचार सचिव व कांता काला को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लोगों में महावीर रमन, दीपक सुयाल, सिद्धार्थ रावत, सुनील थपलियाल, कोशिद अली शामिल रहे।

## कैडेट यूओ करन रावत को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने 5/31यूके बी.एन एनसीसी के कैडेट यूओ करन रावत को सम्मानित किया। करन ने गणतंत्र दिवस शिविर आरडीसी में एसएनआईसी में प्रतिभाग किया था।

करन ने दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर आरडीसी के अंतर्गत एसएनआईसी में उत्तराखंड निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया।

इस पर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कैडेट यूओ करन रावत को सम्मानित किया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने यूओ करन रावत की इस उपलब्धि के पीछे किये गये कठिन परिश्रम के बारे में बताया। तत्पश्चात यूओ करन रावत ने गणतंत्र दिवस समारोह का अनुभव साझा किया। प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने यूओ करण रावत को शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि युवाओं को जीवन में अपना लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए।



करन रावत को सम्मानित करते शिक्षक व अन्य

## छात्र शशांक रावत का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जशोधरपुर स्थित महादेव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाईस्कूल के छात्र शशांक रावत का राज्य स्तरीय इंस्पायर प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। छात्र ने जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। शशांक रावत की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, प्रबंध समिति व अभिभावकों ने खुशी जताई। विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार केमनी ने कहा कि शशांक रावत नवीं कक्षा का छात्र है। शशांक ने राजकीय इंटर कालेज पौड़ी में जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बताया कि शशांक के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन राज्य स्तरीय अवार्ड मानक प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बताया कि शशांक आठ व नौ फरवरी को टिहरी गढ़वाल के नरेंद्रनगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## ट्रस्ट ने 60 विद्यार्थियों को बांटी स्वेटर



बच्चों को स्वेटर वितरित करते संस्था के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से 60 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई। इस दौरान ट्रस्ट ने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी गरीब व असहाय परिवारों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

निंबूचौड़ स्थित दिव्यांग संस्थान में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोफेसर नन्दकिशोर ढौंडियाल ने कहा कि बेसहारों व जरूरतमन्दों की मदद करना ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। डा. डॉ. मनोरमा ढौंडियाल ने कहा कि महापुरुषों ने भी ने भी दीन दुःखियों की सेवा को ही मानव का आभूषण बताया है। इस कार्य के लिए संस्था की संचालिका कविता मलासी ने ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश नैथानी, सुरेंद्र लाल आर्य, पी एल खंतवाल, दीपक कुमार, लक्ष्मी देवी, बीर सिंह, बचन सिंह गुसाईं, मोहन सिंह भारती व शकुंतला देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव प्रवेश रावत ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। कहा कि सभा में भीड़ जुटाने के लिए सरकारी धन व अधिकारी कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा है। कहा कि पौड़ी में होने वाली सभा में भीड़ जुटाने के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

जबकि, अधिकारियों का कार्य जनता की समस्याओं का निराकरण करना होता है। कहा कि सरकार केवल अपनी सभाओं में भीड़ जुटा रही है। जबकि, धरातल पर जन समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है। कोटद्वार तहसील में पिछले कई माह से तहसीलदार की तैनाती तक नहीं है। ऐसे में फरियादियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## ग्राम ब्यासी में गुलदार की दहशत में ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैंण : विकासखंड थलीसैंण के ग्राम ब्यासी के ग्रामीण इन दिनों गुलदार की दहशत में जीवन यापन कर रहे हैं। क्षेत्र में गुलदार दिखने से ग्रामीणों की दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो रही हैं। गांव के असपास बढ़ती गुलदार की चहल कदमी के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदार दिखने से दहशत बनी है। गुलदार ग्रामीणों के मवेशियों को निवाला बना रहा है। गुलदार की धमक से बच्चों को अकेले स्कूल भेजने में भी खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रधान ब्यासी गोविन्द ने कहा कि गांव के पास गुलदार के भय से ग्रामीण भयभीत है। आलम यह कि सांय होते ही ग्रामीण घरों में कैद होने को मजबूर है।

कहा कि इस संबंध में वन विभाग के रेंज अधिकारी को जानकारी दे दी गई है, ताकि कोई अनहोनी घटना न हो। ग्राम प्रधान ने शासन-प्रशासन से गुलदारों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि ग्रामीण निर्भीक होकर अपना कार्य करें।

ग्राम प्रधान ने लोगों से सर्तक होकर घर से बाहर निकलने व रात के समय घर से बाहर न जाने की अपील की है।

## सड़क खोदकर चलता बना ठेकेदार, दुर्घटना का बना खतरा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे लाइन से लगा हुआ काशीरामपुर मल्ला में दो माह पूर्व सड़क निर्माण के लिए रोड़ी पत्थर तोड़े गए थे, लेकिन ठेकेदार सड़क निर्माण न कर सड़क पर खुदाई कर चलता बना। क्षतिग्रस्त मार्ग अब दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। पूर्व राज्य मंत्री एडवोकेट जसबीर राणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो वे क्षेत्र की जनता के साथ अनिश्चित कालीन धरने के लिए मजबूर होंगे।



पूर्व राज्यमंत्री जसवीर राणा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार का न तो विभागों पर पकड़ है और न ही विभागीय अधिकारियों पर जिस कारण अधिकारी जन समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। दो महीने पूर्व रेलवे लाइन काशीरामपुर मल्ला में जल संस्थान की पाइप लाइन गंदा पानी आने के कारण खोदी गई थी, लेकिन दो माह के बाद भी पेयजल लाइन को ठीक नहीं किया गया है और कई फीट गहरे खड्डे करके विभाग चलता बना। श्री राणा ने कहा कि आने जाने वाली सड़क पुनः निर्माण हेतु दो माह से खुदी पड़ी है, जिस पर ठेकेदार सड़क की खुदाई कर लापता है। कहा कि अच्छी-खासी सड़क खोदकर स्थानीय निवासियों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है कई दुर्घटनाएं उक्त सड़क की खुदाई के कारण हो चुकी है।

## एक नजर

### वनों की सुरक्षा के लिए एकजुट होने की अपील

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत मटियाली में वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक अभियान चलाया गया। इस दौरान द हंस फाउंडेशन ने फायर फाइटों को फायर किट भी वितरित की।

आयोजित कार्यशाला में फाउंडेशन के सीडीएस सतीश बहुगुणा व वन क्षेत्राधिकारी विशनदत्त जोशी ने आमजन को वन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कहा कि धरती पर भविष्य को बचाने के लिए हमें पर्यावरण सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। गर्मी के मौसम में जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ने लगती है। जिससे वन संपदा को भारी नुकसान होता है। वनों की सुरक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यशाला में लोगों को वनाग्नि सुरक्षा के गुर सिखाए गए। साथ ही फाउंडेशन ने फायर फाइटरों को फायर किट भी वितरित की।

### तीन छात्रों का बहुराष्ट्रीय कंपनी में हुआ चयन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जीबी पंत प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी संस्थान, घुड़दौड़ी के तीन छात्रों का चयन एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में हुआ है। बीती 29 जनवरी को देवभूमि विश्वविद्यालय देहरादून में चलाए गए एक संयुक्त कैंपस ड्राइव में संस्थान के विभिन्न विभागों के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमे प्रज्वल चौहान बी.टेक इलेक्ट्रिकल, रुद्राक्ष डबराल बी.टेक मैकेनिकल और रिदम बीटेक सीएसई को 5.12 एलपीए पैकेज पर विराज वेंचर के लिए चुना गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वी.एन. काला एवं ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के ओआईसी डॉ. कमलजीत सिंह भाटिया ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### अनन्या का राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में चयन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उदयरामपुर नयावाद की अनन्या डबराल का चयन राष्ट्रीय स्तर वॉलीबॉल प्रतियोगिता जो कि इस वर्ष पुणे में संपन्न होगी में हुआ है। अनन्या के चयन से कोटद्वार में उत्साह और गर्व का माहौल बन गया है। इसके अतिरिक्त, अनन्या डबराल शिक्षा विभाग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कनिष्ठ सहायक के पद पर भी कार्यरत हैं, जो उनके निरंतर उत्कृष्टता का प्रमाण है। इसके साथ-साथ मिनिस्ट्रियल कार्मिक संगठन में भी उनका चयन होने से उन्होंने साबित किया है कि वे हर क्षेत्र में अपने अद्वितीय योगदान से नाम रोशन कर रही हैं। उन्हें इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

### कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक बने प्रो. नौटियाल

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विवि के कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक का पदभार प्रो. अनिल कुमार नौटियाल को सौंपा गया है। प्रो. नौटियाल वर्तमान में गढ़वाल विवि के सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी के साथ ही पीएचडी प्रवेश परीक्षा समन्वयक भी है। प्रो. इससे पहले भी कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। गढ़वाल विवि के स्थायी परीक्षा नियंत्रक डा. एमएम आजाद के एनआईटी उत्तराखंड के कुलसचिव बनने पर प्रो. नौटियाल को कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के कुलसचिव डा. धीरज शर्मा ने नोटिफिकेशन जारी किया है। (एजेंसी)

### एमएड प्रवेश परीक्षा निरस्त की

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की एमएड प्रवेश परीक्षा जो आगामी 4 फरवरी होनी सुनिश्चित हुई थी। उसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए कुलसचिव खेमराज भट्ट ने बताया कि कुलपति के अनुमोदनानुसार सत्र 2023-24 एमएड में प्रवेश के लिए बीएड में उत्तीर्ण परीक्षा मेरिट बेस प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा।

# सरस्वती, बिष्णा और सुशीला को मिला सर्वश्रेष्ठ आशा पुरस्कार

रुद्रप्रयाग : जनपद में हुए जिला स्तरीय आशा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में सरस्वती, बिष्णा और सुशीला को वर्ष 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ आशा पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर आशा संगठन ने आंगनबाड़ी की तर्ज पर निर्धारित मानदेय देने की मांग की। तिलवाड़ा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में आयोजित सम्मान समारोह में अगस्त्मुनि ब्लाक से सुशीला देवी, जखोली ब्लाक से सरस्वती देवी व ऊखीमठ ब्लॉक से बिष्णा देवी को सर्वश्रेष्ठ आशा दिया गया। जबकि सर्वश्रेष्ठ ब्लॉक समन्वयक का पुरस्कार ऊखीमठ को दिया गया।

वहीं भरोसी देवी, विजया देवी व संगीता कठैत को सर्वश्रेष्ठ आशा फेसिलिटेटर का पुरस्कार प्रदान किया गया। आशा सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य वाचस्पति सेमवाल ने किया। उन्होंने आशाओं को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ बताते हुए उनकी सराहना की। कहा कि स्वास्थ्य मानकों के लक्ष्यों को हासिल करने सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के सफलता पूर्वक सचांलन में आशाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने आशाओं को जीवन की आशा बताया। कहा कि उनके द्वारा सुरक्षित प्रसव, टीकाकरण आदि क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा रहा है। कहा कि आशाओं की मांगों को प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य



मंत्री के समक्ष रखा जाएगा। आशा कार्यकत्री संगठन की जिलाध्यक्ष कमला राणा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की तर्ज पर आशा कार्यकर्ताओं को भी निर्धारित मानदेय व्यवस्था देने की मांग की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में आशा कार्यक्रम व आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि आशाओं के कार्यकौशल का ही नतीजा है कि मातृ व शिशु मृत्यु दर सूचकांक में जनपद रुद्रप्रयाग देश में सबसे अच्छे सूचकांक वाले जनपद में शामिल है। इस मौके पर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, संस्थागत प्रसव कराने एवं प्रसव से संबंधित सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन आरकेएसके काउंसलर विपिन सेमवाल द्वारा किया गया।

## औली में फंसी 22 गायों को जोशीमठ पहुंचाया

चमोली : औली की बर्फीली वादियों में ठंड से ठिठुर रहे 22 गाय और बैलों को नगर पालिका परिषद की टीम ने प्रशासन के निर्देश के बाद सकुशल जोशीमठ पहुंचाया। यहां से इन्हें नगर के निकट जोगी धारे के पास फिलहाल रखा गया है। मवेशियों को हरी घास, पानी भी दिया गया है। बता दें कि औली में गुरुवार को हुई भारी बर्फबारी के बाद दो दर्जन से अधिक मवेशी औली बुग्याल एवं जंगलों में फंस गए थे, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। जिसके बाद नगर पालिका की टीम शनिवार को सुबह औली पहुंची और गायों को जोशीमठ पहुंचाया। पालिका ईओ भारत भूषण कहते हैं कि पालिका की टीम ने शनिवार को औली में बर्फ के बीच से 22 गायों को सुरक्षित जोशीमठ नगर के जोगी धारे के पास पहुंचाया है। वहीं सुपरवाईजर अनिल कुमार



कहते हैं कि अब इन मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था हेतु जोशीमठ के सभी सब्जी व्यवसायियों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे अपनी ऐसी सब्जियां जो बिकने की स्थिति में नहीं है को पालिका को मुहैया कराएं। जिसे चारे के रूप में इन मवेशियों तक पहुंचाया जायेगा। कहते हैं कि औली में सभी लोगों से अनुरोध किया गया है कि यदि औली में बर्फ में घुमती हुई और गाय बैल दिखें तो इसकी सूचना पालिका को दी जाय ताकि इन्हें सुरक्षित निकाला जा सके। (एजेंसी)

## अंतरिम बजट को बताया विश्वास का बजट

चमोली : देश के अंतरिम बजट की समीक्षा करते हुए श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर गोपेश्वर के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष व अर्थशास्त्री उत्तर प्रदेश उत्तराखंड इकोनामिक एसोसिएशन के डाक्टर शिव कुमार लाल ने कहा कि यह अंतरिम बजट विश्वास का बजट है। कहा अंतरिम बजट में युवाओं महिलाओं गरीबों किसानों को चिन्हित करते हुए आशा बहनों को आयुष्मान कार्ड 3 करोड़ आवास, 3 करोड बहनों को लखपति बनाये जाने के लक्ष्य से नए रोजगार का अवसर सृजित होगा। इसके साथ ही एक करोड़ घरों में सोलर पैनल पावर ग्रिड के साथ 300 यूनिट बिजली फ्री दिए जाने की घोषणा स्वागत योग्य है। डाक्टर शिव कुमार लाल ने कहा यह बजट विकसित भारत 2047 का रास्ता प्रशस्त करता है।

## पुलिस ने 76 रनों से सेमीफाइनल जीता

नई टिहरी : कोटी कालोनी खेल मैदान में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल पुलिस प्रशासन एवं आईटीबीपी के बीच खेला गया। पहला सेमीफाइनल पुलिस प्रशासन ने 76 रनों से जीता। पहले सेमीफाइनल मैच में आईटीबीपी ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पुलिस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 195 रन बनाए। जिसमें योगेन्द्र ने 24 रन, प्रदीप चौहान ने 45 रन, किशन रावत ने 36 रनों का योगदान दिया। आईटीबीपी की तरफ से सुमन घोष ने 2 विकेट, मनोहल लाल ने 2 विकेट, सणमुगम ने 2 विकेट लिए। जबाव में आईटीबीपी की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 119 रन बनाए। जिसमें सोमदेव राणा ने 29 रन, मनोहर लाल ने 25 रन बनाए। पुलिस की तरफ से अरविन्द नेगी ने 2 विकेट, अर्जुन ने 2 विकेट और पुलिस टीम के कप्तान विकास बलोनी ने 3 विकेट एवं गजेन्द्र ने 1 विकेट लिया। 76 रनों की इस जीत के साथ पुलिस की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। एम्पायरिंग की भूमिका में दुर्गा सिंह रावत, भगत सिंह चौहान रहे। स्कोरर की भूमिका मनोज नेगी व भरत राम बडोनी ने निभाई। इस अवसर पर प्रबन्धक मनबीर सिंह नेगी, दीपक उनियाल, बीपी एस रावत, अतुल कुमार, विजय प्रकाश नौटियाल, रंजीत, शेर सिंह बगड़वाल, सुरेन्द्र पंवार, रामपाल पडियार, जयेन्द्र रावत, राजवीर, संजू, विशन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## श्रीदेव सुमन विवि का दीक्षांत समारोह 21 को

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि का आगामी 21 फरवरी को ऋषिकेश स्थित पंडित ललित मोहन शर्मा विवि परिसर में दीक्षांत समारोह संपन्न होगा। विवि कुलपति प्रो. एनके जोशी ने राज्यपाल से भेंट कर उन्हें विवि की प्रगति के बारे में अवगत करवाया। बीते शुक्रवार को श्रीदेव सुमन विवि कुलपति प्रो. एनके जोशी ने राज्यपाल (सेनि.) जनरल गुरमीत सिंह से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात कर विवि का 21 फरवरी को होने वाले दीक्षांत समारोह की जानकारी दी। विवि कुलपति ने राज्यपाल को बताया कि वर्तमान में विवि मुख्यालय बादशाहीथौल और विवि के ऋषिकेश परिसर में रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में बीबीए, बीसीए, माइक्रोबायोलॉजी विषयों की पढ़ाई संचालित हो रही हैं। आगामी सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टैक्नालॉजी, साइबर सिक्योरिटी, डाटा साइंस, एनीमेशन, डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों के नये रोजगार पाठ्यक्रमों की पढ़ाई भी संचालित करने की योजना है। बताया ऋषिकेश परिसर में छात्रों के लिये प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु अलग से प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। उन्होंने ऋषिकेश परिसर और विवि मुख्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश के साथ एमओयू साइन हुआ है, जिसके तहत मेडिकल लैब टैक्नोलॉजी में अध्ययनरत अंतिम वर्ष के छात्र क्लीनिकल ट्रेनिंग एम्स ऋषिकेश की प्रयोगशालाओं में कार्य कर विश्व स्तरीय तकनीकी की जानकारी हासिल कर सकेंगे। विवि कुलपति ने इसके अलावा विवि में संचालित होने वाली अन्य गतिविधियों के बारे में राज्यपाल को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। (एजेंसी)

## ग्रामीणों ने किया हाईटेंशन विद्युत लाइन बिछाने का विरोध

नई टिहरी : कोटेश्वर बांध परियोजना की नई हाईटेंशन विद्युत लाइन और टावर लगाये जाने का बडकोट के ग्रामीणों ने विरोध किया है।

उन्होंने अन्य जगहों से विद्युत लाइन बिछाये जाने की मांग की है। नरेन्द्रनगर तहसील प्रशासन ने ग्रामीणों को दोबारा सर्वे कराये जाने का भरोसा दिया है। शनिवार को नरेन्द्रनगर तहसील सभागार में बड़कोट गांव के पटेर तोक के ग्रामीणों, तहसील प्रशासन और विद्युत टावरों निर्माण करने वाली कंपनी के लोगों के बीच बैठक हुई। ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि कोटेश्वर बांध परियोजना के नये विद्युत टावर और विद्युत लाइन का सर्वे बड़कोट के पटेर तोक के ग्रामीणों के खेतों से किया गया है, विद्युत टावर लगाये जाने तथा विद्युत लाइन बिछाये जाने से ग्रामीणों की खेती को नुकसान पहुंचेगा, जिसका सीधा असर ग्रामीणों की आर्थिकी पर पड़ेगा। कहा ग्रामीण हाईटेंशन विद्युत लाइन को अन्य जगह से बिछाये जाने की मांग करते आ रहे हैं। नरेन्द्रनगर एसडीएम देवेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि रविवार को ग्रामीण, निमार्णदायी कंपनी एनआएसएस, राजस्व विभाग की टीम गांव में जाकर संयुक्त निरीक्षण करेगी, जिसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। बैठक में ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र भंडारी, तहसीलदार अयोध्या प्रसाद उनियाल, सीओ अस्मिता मंमगाई, लेखराज भंडारी, अनिल भंडारी, मानवेंद्र भंडारी, पूरन सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। (एजेंसी)

## रामायण परिपथ की स्थापना की मांग

चमोली : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता भुवन नौटियाल ने उत्तराखंड में रामायण परिपथ की स्थापना की मांग की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे मांग पत्र में भुवन नौटियाल ने कहा है कि उत्तराखंड में श्रीराम, सीता माता, हनुमान जी की लीलाओं और श्रीराम के पुत्रों लव कुश के जीवन से जुड़ी कथाओं के आधार पर पवित्र स्थान हैं। इन सबका सर्वेक्षण कर उत्तराखंड में रामायण परिपथ की स्थापना शीघ्र की जाय। (एजेंसी)

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार

चमोली : गोपेश्वर में शुक्रवार को दुकानों से हुई चोरी की घटना में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद कुमार शाह ने बताया कि शुक्रवार को पवन बिष्ट थाने में आकर जानकारी दी कि शुक्रवार रात को अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान और एक अन्य दुकानदार सतीश पुरोहित की दुकान का शटर तोड़कर गल्ले में रखे कुछ रुपये चोरी किए हैं। तहरीर पर थाना गोपेश्वर ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक सुमित बन्दूनी को सौंपा । चोरी की घटना के खुलासे लिए पुलिस टीम गठित की गयी। पुलिस टीम थाना क्षेत्र के लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की गयी।

# लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण





चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने हेतु नियुक्त सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को शनिवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर में जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की उपस्थिति में एक दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लोकसभा आम चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के अतिरिक्त उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नियुक्त सभी मजिस्ट्रेट को मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण कर मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, फर्नीचर, मतदाता सूची, संचार आदि बेसिक सुविधाओं की की पूरी जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों पर वल्नेरेबिलिटी मैपिग रिपोर्ट समय से उपलब्ध की जाए। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जाए। मतदेय स्थलों पर मोबाइल नेटवर्क सुविधा, पहुंच मार्ग एवं सुगम रास्तों का निरीक्षण किया जाए। निर्वाचन क्षेत्र में आम लोगों को नए मतदेय स्थलों, परिवर्तित मतदेय स्थलों और ईवीएम पर मतदान की जानकारी भी दी जाए। आदर्श आचार संहिता के नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने नियुक्त सभी मजिस्ट्रेटों को अपने क्षेत्रों में मतदान से पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद मजिस्ट्रेट के कर्तव्य एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए अपने क्षेत्रों में आदर्श आचार संहित का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने प्रशिक्षण में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय से मतदेय स्थलों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर मतदेय स्थलों के निकट स्वास्थ्य एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी प्रकार की घटना पर पूर्ण निगरानी रखें और तत्काल इसकी सूचना दें। निर्वाचन प्रशिक्षक परियोजना निदेशक आनंद सिंह, प्रवक्ता एपी डिमरी, मनोज तिवारी, केसी पंत, जयवीर रावत, विनोद रावत द्वारा सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण देते हुए उनकी शंकाओं को मौके पर समाधान किया गया। जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी 592 मतदेय स्थलों को 19 जोन और 125 सेक्टर में विभाजित करने के साथ ही जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया है। 04-बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र के 210 मतदेय स्थलों को 08 जोन, 53 सेक्टर, 05-थराली विधानसभा क्षेत्र के 203 मतदेय स्थलों को 06 जोन, 42 सेक्टर और 06-कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के 174 मतदेय स्थलों को 05 जोन, 30 सेक्टरों में बांटा गया है। (एजेंसी)

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



नई टिहरी : गायत्री शक्ति केंद्र नई टिहरी में शांतिकुंज हरिद्वार के देव संस्कृत विश्वविद्यालय के निर्देशन में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 का जिला व तहसील स्तरीय पुरूस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। परीक्षा के विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति का वितरण एडीएम केके मिश्रा ने किया। एडीएम मिश्रा ने विजेताओं को जीवन में सफतला से आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। शनिवार को गायत्री शक्ति केंद्र में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जिला स्तर पर कक्षा पांच की संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम रही वंशिका नेगी, द्वितीय ओमशी रौतेला व तृतीय प्रिंस कंडारी। कक्षा 6 की परीक्षा में प्रथम मयंक बेलवाल, द्वितीय पंकज हटवाल और तृतीय गौरव महर। कक्षा 7 की परीक्षा में प्रथम रहे अरधिता उनियाल, द्वितीय काजल कुशवान और तृतीय आकांक्षा। कक्षा 8 की परीक्षा में प्रथम रहे संस्कृति कोठारी, द्वितीय निधि कुंताल व तृतीय आंचल हटवाल। कक्षा की परीक्षा में प्रथम रही आंचल, द्वितीय आरती खण्डुड़ी व तृतीय नमन बधानी। कक्षा 10 की परीक्षा में प्रथम रही किरन, द्वितीय निकिता भंडारी व तृतीय अमन। कक्षा 11 की परीक्षा में प्रथम रही राखी, द्वितीय सावित्री और तृतीय रवीना और कक्षा 12 की परीक्षा में प्रथम रहे आयुष भट्ट, द्वितीय पुरस्कार व तृतीय आयुश सिंह धनोला को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह से तहसील स्तर टिहरी व कंडीसौड़ तहसील से संस्कृति ज्ञान परीक्षा की कक्षा पांच की परीक्षा में प्रथम रहे साहिल भारती, द्वितीय अंशिका और तृतीय राधिका। कक्षा 6 की परीक्षा में प्रथम रही अनन्या, द्वितीय अक्षत बडोला व तृतीय दक्ष राज सिंह नेगी। कक्षा 7 की परीक्षा में प्रथम रहे तनुज रावत, द्वितीय सुमित सेमवाल और तृतीय आदित्य राना। कक्षा 8 की परीक्षा में प्रथम रही सृष्टि रमोला, द्वितीय आयुषी और तृतीय साक्षत सिंह चौहान। कक्षा 9 की परीक्षा में प्रथम रहे वैष्णव सजवाण, द्वितीय सूरज नौटियाल व तृतीय अभिषेक धनोला। कक्षा 10 की परीक्षा में प्रथम रही प्राची, द्वितीय केशव नेगी व तृतीय आदित्य रावत।

कक्षा 11 की परीक्षा में प्रथम रही अनामिका पंवार, द्वितीय संध्या नाथ और तृतीय आरती डिमरी और कक्षा 12 की परीक्षा में प्रथम रही रीचा चौहान, द्वितीय सिमरन विष्ट और तृतीय अनुष्का को प्रमाण पत्र व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर परीक्षा के संयोजक बीपी बधानी, आदित्य पंत, लव सेमवाल, अनिल सकलानी, गोविंद रावत, केबी पेटवाल, रेखा पंवार, निर्मला बधानी, रोशनी रावत, बलमा कलूड़ा, उमा बिष्ट सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेंसी)

# ऑलराउंडर स्वयं सेवी सावन, सलोनी और अंशुल बने

चमोली : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उमट्टा में शनिवार को संपन्न हो गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर सावन, सलोनी और अंशुल को ऑलराउंडर स्वयं सेवी चुना गया। समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गौचर मुकेश नेगी ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविरावधि में प्राप्त अनुभव और ज्ञान को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्रावती टम्टा ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में शिविर स्थल का सौंदर्यीकरण, आर्थिक सर्वेक्षण, स्वच्छता, पेयजल स्त्रोतों की सफाई, बौद्धिक कार्यक्रम एवं जनजागरण रैली आयोजित की गई। जनपद समन्वयक जगदीश टम्टा ने शिविर का निरीक्षण कर कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी डा. हिना नौटियाल व डा.चंद्रमोहन जनस्वाण के निर्देशन में स्वयं सेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। शिविर में ऑलराउंडर सावन के अलावा सलोनी व अंशुल को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवी तथा राहुल व संध्या को सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक कलाकार के रूप में पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर कोहली, रेखा डिमरी, बबीता डिमरी, हरीश चौहान, छात्र संघ के पूर्व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि दीपक रावत, छात्र संघ पदाधिकारी अध्यक्ष प्रीतम सिंह, आयुष नेगी, सलोनी, उमेश पुरोहित, विपिन, बद्रीश, हरपाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## राजूहा मगरौं के 6 छात्रों का छात्रवृत्ति के लिए चयन

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के राजकीय जूनियर हाईस्कूल मगरौं पौखाल के 6 छात्रों का राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) छात्रवृत्ति के तहत चयन हुआ है। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेमलाल तैरवाल ने बताया कि बीते कई वर्षों से विद्यालय के छात्र-छात्राएं एनएमएमएस परीक्षा को उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। बताया कि भारत सरकार की ओर से एनएमएमएस छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 8 के छात्रों को उक्त परीक्षा में शामिल किया जाता है। परीक्षा उत्तीर्ण होने पर कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को प्रत्येक माह सरकार की ओर एक हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। बताया इस वर्ष स्कूल की कक्षा 8 में पढ़ाने वाली छात्रा मानसी, आदर्श घिल्डियाल, विवेक नेगी, आदित्य नेगी, शिवांजिल्स, सुमित का चयन छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। छात्रों के चयन पीटीए अध्यक्ष वीरेंद्र नेगी, शिक्षक सूर्यप्रकाश सकलानी, निर्मला, राकेश, हरीश लाल, जीत सिंह नेगी, शूरवीर सिंह, राजेंद्र, नैन सिंह, भरत सिंह आदि खुशी जताई है। (एजेंसी)

# शीतलहर की चपेट में आया पछुवादून, अस्पतालों में बढ़ने लगे मरीज

विकासनगर। बर्फबारी के बाद पछुवादून शीतलहर की चपेट में आ गया है। शनिवार को सुबह दस बजे तक हल्की धूप रहने के बाद आसमान में बादल छा गए, जिससे दिन भर ठिठुरन रही। शीत लहर चलने के कारण दिन भर बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। सर्दी बढ़ने से लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं, खासकर बुजुर्ग और बच्चे बीमारी की चपेट में आने लगे हैं। दो दिन हुई बर्फबारी के बाद बर्फ पिघलने से चकराता क्षेत्र के साथ ही पछुवादून भी कड़ाके की सर्दी की चपेट में आ गया है। चकराता बाजार से तो बर्फ पिघल गई, लेकिन उंचाई पर बसे देवबन खडम्बा मुंडाली लोखंडी लोहारी जाड़ी कोटी कनासर आदि क्षेत्र में बर्फ जमी हुई है। बर्फ गलने से चल रही बर्फीली हवाओं से पछुवादून में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे लोगों को रोजमर्रा के काम निपटाने में दिक्कतें आ रही है। लोहारी निवासी शेर सिंह चौहान, जाड़ी के शमशेर सिंह, शूरवीर सिंह आदि का कहना है कि गांव की पगडंडियों व जंगलों आदि पर बर्फ जमी है, जिससे लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है। साथ ही पशुपालक अपने पशुओं को चारे की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं।

# आज से शुरू होगा भाजपा का गांव चलो अभियान

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज से शुरू किए जाने वाले गांव चलो अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को पछुवादून, जौनसार बावर में कार्यकर्ताओं की कार्यशालाओं का दौर देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान 11 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के 24 घंटे गांवों में प्रवास के दौरान की गतिविधियों पर चर्चा की गई। विकासनगर शहर मंडल की कार्यशाला एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष मीता सिंह ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही सरकार के मंत्री और विधायक भी अपनी विधान सभा के गांवों में 24 घंटे प्रवास करेंगे। इस प्रवास के दौरान लोक सभा चुनाव को लेकर जनता की थाह ली जाएगी। इसके साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देकर जनता को भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए जागरूक किया जाएगा। बताया कि जिन बूथ पर पिछले चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा है, उन बूथ से संबंधित बस्तियों में प्रवास प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष विपुल मूसला ने कहा कि पदाधिकारियों के प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं को गांवों में लोगों से संपर्क कर उन्हें लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए प्रेरित करना होगा। दूसरी ओर चकराता विधान सभा के क्वांसी मंडल में जिला महामंत्री अमित डबराल ने कार्यकर्ताओं को बताया कि लोक सभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले अबकी बार चार सौ पार का स्लोगन हर बस्ती तक पहुंचाना जरूरी है। इसके लिए दीवार लेखन किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने 24 घंटे प्रवास की जानकारी भी कार्यकर्ताओं को दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह राणा, बचना शर्मा, प्रीतम सिंह चौहान, दीपक कुमार, विनोद कश्यप, शुभम गर्ग, धीरेंद्र पटवाल आदि मौजूद रहे।

# विपक्षी नेता चिंता में

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिर पर बैठ कर जिस तरह से ईडी ने उनका इस्तीफा कराया और उसके बाद उनको गिरफ्तार किया उससे विपक्ष के कई नेता बेचैन हुए हैं। खास कर ऐसे नेता, जिनसे ईडी की पूछताछ चल रही है और अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल और हरियाणा से लेकर दिल्ली व महाराष्ट्र तक विपक्षी पार्टियों के नेता चिंता में हैं। सबको गिरफ्तारी की चिंता सता रही है। उनकी चिंता यह है कि अगर भाजपा को लगा कि किसी नेता की वजह से 2024 के चुनाव में नुकसान हो सकता है तो एजेंसी उस नेता को गिरफ्तार करके रास्ते से हटा सकती है।इस चिंता में सबसे ज्यादा लालू प्रसाद का परिवार है। उनके परिवार के पांच लोगों से ईडी की पूछताछ चल रही है। लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा बेटे तेजस्वी यादव और दो बेटियों, मीसा भारती व हेमा यादव का नाम जमीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े कथित घोटाले में शामिल किया गया है। लालू से 29 और तेजस्वी से 30 जनवरी को पूछताछ हुई थी। अब राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को नौ फरवरी को दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उसी दिन इन तीनों को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में पेश होना है, जहां आरोप तय होंगे। सो, लालू परिवार में चिंता है। लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव में से किसी को गिरफ्तार होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इनके करीबी रहे अमित कत्याल ने केंद्रीय एजेंसी को कुछ जानकारी दी है। कत्याल अभी जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि राजद की राजनीति लालू और तेजस्वी ही संभाल रहे हैं।इसी तरह दिल्ली में आम आदमी पार्टी में चिंता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत परेशान हैं और इस परेशानी में ही वे विधायकों को 25–25 करोड़ रुपए देने और उन्हें तोड़ने की साजिश के अनाप–शनाप आरोप लगा रहे हैं। वे किसी तरह से यह दिखाना चाहते हैं कि भाजपा उनकी पार्टी तोड़ने और सरकार गिराने के लिए उनको गिरफ्तार करना चाहती है। वे भ्रष्टाचार के नैरेटिव से ध्यान हटाना चाहते हैं, जबकि भाजपा का प्रयास उनको भ्रष्टाचार के आरोप में घर कर उनके कट्टर ईमानदार होने के नैरेटिव को खत्म करने का है। उनकी पार्टी के दो नेता, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं और अगर केजरीवाल जेल चले जाते हैं तो उनकी पार्टी का प्रचार अभियान पटरी से उतर जाएगा। ईडी ने उनको पांचवां समन जारी किया है और दो फरवरी को हाजिर होने के लिए कहा है।पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के ऊपर सीधे कोई आरोप नहीं है। लेकिन उनकी पार्टी के आधा दर्जन से ज्यादा बड़े नेता, विधायक और पूर्व मंत्री गिरफ्तार हो चुके हैं। ममता की चिंता भतीजे अभिषेक और उनकी पत्नी व ससुराल के अन्य लोगों की गिरफ्तारी की है। शिक्षक भर्ती व राशन में कथित घोटाला और कोयला तस्करी का मामला चल रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेताओं पर भी कार्रवाई हो रही है। पवार की चिंता अपने पोते रोहित पवार को लेकर है, जो परिवार के विवाद में अजित के साथ जाने की बजाय उनके साथ रहे हैं। रोहित से ईडी ने पूछताछ की है और जल्दी ही उनको दोबारा बुलाया जा सकता है।

# चुनाव का विवाद

सरसरी तौर पर जो हालात दिखते हैं, उनको लेकर संदेह खड़ा हुआ है। मेयर के चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत तय मानी गई थी। लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के साथ आने के बाद से जैसी घटनाएं हुईं, उन्होंने सारे प्रकरण को संदिग्ध बना दिया है।

चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव का विवाद अब न्यायपालिका के दायरे में है। अब पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट इस पर फैसला देगा कि क्या पीठासीन अधिकारी ने आठ वोटों को गलत ढंग से अवैध करार देकर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को विजयी घोषित किया। बहरहाल, इस तरह का विवाद उठा, यही बड़ी चिंता की बात है। सरसरी तौर पर जो हालात दिखते हैं, उनको लेकर संदेह खड़ा हुआ है। नगर परिषद में इंडिया गठबंधन (आम आदमी पार्टी+ कांग्रेस) के 20 सदस्य हैं और भाजपा+ अकाली दल के 16. ऐसे में इंडिया गठबंधन की जीत तय मानी गई थी। लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के साथ आने के बाद से जैसी घटनाएं हुईं, उन्होंने संदेह को जन्म दिया। पहले तो भाजपा के पदाधिकारी रह चुके एक व्यक्ति को पीठासीन अधिकारी बनाया गया। फिर 18 जनवरी को उस पीठासीन अधिकारी ने खुद के बीमार होने की बात कह कर अचानक चुनाव टाल दिया। आप और कांग्रेस का आरोप है कि सोमवार को उनके आठ पार्षदों के वोट पर खुद पीठासीन अधिकारी ने अतिरिक्त निशान बनाकर उन्हें अवैध करने का आधार बनाया। दोनों पार्टियों का दावा है कि यह सारी गतिविधि कैमरे में कैद है। ये दावे कितने ठोस हैं, इस पर कोर्ट के निर्णय का इंतजार रहेगा। लेकिन चुनाव प्रक्रिया को लेकर भारत में जिस तरह संदेह का वातावरण गहरा रहा है, वह चिंताजनक है। कुछ ही पहले यह सामने आया है कि चुनावों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन बनाने वाली कंपनी बीईएल के निदेशक मंडल में चार भाजपा पदाधिकारियों को नियुक्त कर दिया गया है। इससे यह वाजिब सवाल उठा है कि जिस कंपनी की कार्य–प्रणाली में सर्वोच्च पारदर्शिता और निष्पक्षता जरूरी है, वहां किसी पार्टी विशेष के पदाधिकारी निदेशक कैसे रह सकते हैं? निर्वाचन आयोग में नियुक्तियों और इलेक्टोरल बॉन्ड जैसे मुद्दों के कारण पहले ही चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर अनेक गंभीर सवाल उठ चुके हैं। ऐसा लगता है कि वर्तमान केंद्र सत्ता पक्ष की रुचि इन सवालों का उत्तर देने में नहीं, बल्कि इन्हें और संदिग्ध बनाने में है। लेकिन लोकतंत्र के लिए यह खतरनाक नजरिया है।

# अमेरिका जवाब देगा या अनदेखी करेगा?

श्रुति व्यास

अमेरिका निशाने पर आने लगा है। उसकी थलसेना के सैनिकों पर हवाई हमला हुआ है! इजराइल–हमास लड़ाई के चौथे महीने में ऐसा लग रहा है कि अमेरिका भी लड़ाई में घसीट लिया जाएगा। गत 28 जनवरी को ईरान–समर्थित गुटों द्वारा ड्रोन और मिसाइलों से किये गए हमले में जॉर्डन में तीन अमरीकी सैनिक मारे गए और 34 घायल हुए.लड़ाई की शुरुआत से ही अमेरिका इन समूहों के निशाने पर था और अब तो मध्यपूर्व में इनके कम से कम 160 ठिकानों पर अमेरिका गोलीबारी कर चुका है। आईस जनवरी की घटना कोरियाई लड़ाई के बाद से अमेरिका की थलसेना पर पहला जानलेवा हवाई हमला है।

बाइडन दुविधा में हैं।लड़ाई तेज होता जा रहा है, कई इजराइली अब भी हमास के कब्ज़े में है और गाजा में हालात गंभीर होते जा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया में आ रही ख़बरों से ऐसा लगता है कि जवाबी सैन्य कार्यवाही अपरिहार्य बन गयी है। मगर सवाल यह है कि जो बाइडन कहाँ तक जाना चाहेंगे, विशेषकर इसलिए क्योंकि जल्द ही उन्हें डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ चुनावी समर में कूदना है।अमेरिका ने ईरान की ज़मीन पर 1980 के बाद से अब तक कोई सैन्य कार्यवाही नहीं की है। और तब भी बंदियों को छुड़ाने का प्रयास असफल हो गया था। सन 1988 के बाद से अब तक, अमेरिका ने ईराक और सीरिया के अलावा कही भी ईरानी सेना पर हमले नहीं किये हैं। सन 1988 में उसने ईरानी नेवी पर हमला किया था। अगर ईरान के खिलाफ सीधा लड़ाई होता है तो उससे तेल की कीमतों में भारी इज़ाफा अवश्यम्भावी है, विशेषकर अगर फारस की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही बंद हो जाती है या ईरान, सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठानों पर हमला करता है। ब्रेंट क्रूड आयल की कीमत पहले ही बढ़ रही है। एक बैरल की कीमत दिसंबर की शुरुआत में 73 डॉलर थी जो 26 जनवरी को 84 डॉलर तक पहुँच गयी थी। अगर यह और बढ़ती है तो उसका असर अमेरिका के पेट्रोल पंपों से बेचे जाने वाले ईंधन पर पड़ेगा और चुनावी साल में बाइडन बिलकुल नहीं चाहेंगे कि ऐसा हो।

इन हमलों पर राष्ट्रपति जो बाइडन की प्रतिक्रिया अब तक सावधानीपूर्ण रही है। बावजूद इसके कि उन पर रिपब्लिकनों का जबरदस्त दवाब है, जो चाहते हैं कि ईरान के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। मगर बाइडन ने कभी ऐसा करने का वायदा नहीं किया। उन्होंने उन अधिकांश हमलों को नज़रअंदाज़ किया जिन्हें सफलतापूर्वक रास्ते में ही रोक लिया गया या जिनसे कुछ भी नुकसान नहीं हुआ या बहुत कम नुकसान हुआ। जो हमले ज्यादा गंभीर थे, उनके मामले में राष्ट्रपति ने सीमित जवाबी कार्यवाही की अनुमति दी। ऐसे कार्यवाहियों में लाल सागर में जहाजों पर हमले करने वाले यमन के हूतियों के खिलाफ कार्यवाही शामिल है। इनमें भी मुख्यतः इमारतों, हथियारों और अधोसंरचना को निशाना बनाया गया। बाइडन अब तक ईरान–समर्थित हूती समूह, जो यमन के बड़े इलाके पर राज करता है, पर नौ बार हमले करवा चुके हैं।बावजूद इसके लाल सागर में मची अफरातफरी ख़त्म होने का नाम नहीं ले रही है।

मगर 28 जनवरी के हमले को वे नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते। बाइडन ने साफ़ नहीं किया कि अब उनका इरादा क्या है मगर उसी अंदाज़ में जवाब देने की बात उन्होंने ज़रूर कही। एक बयान में उन्होंने कहा, "जिन तीन अमेरिकी सैनिकों को हमने खोया है, वे उच्चतम दर्जे के देशभक्त थे। हम उनके गौरव और उनकी वीरता की बराबरी करने की कोशिश करेंगे। हम आतंकवाद से लड़ने की उनकी प्रतिबद्धता को आगे ले जाएंगे। और इसमें कोई संदेह नहीं कि अपनी पसंद के तरीके से और अपने पसंद के समय पर, हम उन लोगों का हिसाब करेंगे जो इसके लिए ज़िम्मेदार हैं।"

जॉर्डन में अमरीकी सैनिकों की मौत ने रिपब्लिकनों को बाइडन पर हमलावर होने का मौका दिया है। उनका कहना है कि चूँकि बाइडन ने पिछले तीन महीनों में जबरदस्त हमले की इज़ाज़त नहीं दी इसलिए ईरान और उसके पिट्ठू समूहों को लगने लगा कि वे कुछ भी कर सकते हैं। इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प, जो बाइडन को हराकर अपना पुराना काम वापस पाने के राह पर हैं, ने इतवार को मीडिया से कहा कि, "अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह हमला होता ही नहीं। बिलकुल नहीं।" हालाँकि तथ्य यह है कि ट्रम्प के राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल के दौरान भी ईरान और उससे जुड़े समूहों ने अमेरिका और उसके मित्र देशों पर हमले किये थे और एक मौके पर ट्रम्प ने बदले की कार्यवाही को रोक दिया था क्योंकि उन्हें लगा कि वह ज़रुरत से ज्यादा कड़ी थी। बाद में उन्होंने एक हमले का आदेश दिया था जिसमें एक शीर्ष ईरानी जनरल मारा गया था मगर जब इसके बाद ईरान ने मिसाइल हमले किये, जिनमें अमेरिकी सैनिक घायल हुए (हालाँकि उनमें से कोई मारा नहीं गया), तब ट्रम्प ने जवाबी कार्यवाही की अनुमति नहीं दी।

जो बाइडन दुविधा में हैं।लड़ाई तेज होता जा रहा है, कई इजराइली अब भी हमास के कब्ज़े में है और गाजा में हालात गंभीर होते जा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया में आ रही ख़बरों से ऐसा लगता है कि जवाबी सैन्य कार्यवाही अपरिहार्य बन गयी है। मगर सवाल यह है कि जो बाइडन कहाँ तक जाना चाहेंगे, विशेषकर इसलिए क्योंकि जल्द ही उन्हें डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ चुनावी समर में कूदना है।अमेरिका ने ईरान की ज़मीन पर 1980 के बाद से अब तक कोई सैन्य कार्यवाही नहीं की है। और तब भी बंदियों को छुड़ाने का प्रयास असफल हो गया था। सन 1988 के बाद से अब तक, अमेरिका ने ईराक और सीरिया के अलावा कहीं भी ईरानी सेना पर हमले नहीं किये हैं। सन 1988 में उसने ईरानी नेवी पर हमला किया था। अगर ईरान के खिलाफ सीधा लड़ाई होता है तो उससे तेल की कीमतों में भारी इज़ाफा अवश्यम्भावी है, विशेषकर अगर फारस की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही बंद हो जाती है या ईरान, सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठानों पर हमला करता है। ब्रेंट क्रूड आयल की कीमत पहले ही बढ़ रही है। एक बैरल की कीमत दिसंबर की शुरुआत में 73 डॉलर थी जो 26 जनवरी को 84 डॉलर तक पहुँच गयी थी। अगर यह और बढ़ती है तो उसका असर अमेरिका के पेट्रोल पंपों से बेचे जाने वाले ईंधन पर पड़ेगा और चुनावी साल में बाइडन बिलकुल नहीं चाहेंगे कि ऐसा हो।

जहाँ तक ईरान का सवाल है, वह चाहेगा कि मध्यपूर्व में लड़ाई का क्षेत्र और विस्तृत हो मगर अमेरिका से सीधे भिड़ने में वह परहेज ही करेंगे। उसे मालूम है कि इसके बहुत नुकसानदायक नतीजे हो सकते हैं। अभी कुछ समय पहले तक अमेरिकी अधिकारियों को लग रहा था कि ईरान शायद उसके द्वारा समर्थित समूहों पर लगाम लगाएगा। मगर जॉर्डन पर हमले से यह कयास गलत साबित हो गए हैं।

बाइडन दबाव में हैं। उनकी रेटिंग गिर रही हैं। हाल में हुए एक गैलप पोल से जाहिर हुआ है कि केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उनके निर्णयों को सही मानते है। इतनी कम रेटिंग इससे पहले केवल एक अन्य अमेरिकी राष्ट्रपति की थी। आईस जनवरी के हमले की बाद बाइडन को निश्चित ही बड़ा हमला करना होगा। और यह हमला तब होगा जब अमेरिका इजराइल–हमास लड़ाई में अस्थाई विराम लाने के लिए मध्यस्थता करने का इच्छुक है। उसे यह उम्मीद भी थी कि बंधकों की रिहाई के मसले में वह कोई समझौता करा सकेगा जिससे या तो लड़ाई ख़त्म हो जायेगा या उसकी तीव्रता इतनी घट जाएगी कि उससे दूसरे स्थानों में तनाव नहीं बढेगा। बाइडन चाहते थे कि वे शांति के माहौल में चुनाव लड़ सकें। मगर शायद इसका उल्टा होने जा रहा है।

# लोकसभा के पहले प्रदेश में भी दलबदल

देवदत्त दुबे

जब भी चुनाव आते हैं तब राजनीतिक दलों में दलबदल तेज हो जाता है। पिछले विधानसभा के चुनाव के दौरान भी बेधड़क दलबदल हुआ था और अब लोकसभा चुनाव के पहले एक बार फिर दलबदल की आहट सुनाई देने लगी है। हालांकि इस बार भाजपा से किसी दूसरे दल में जाने वाले कहीं दिखाई नहीं दे रहे लेकिन अन्य दलों से भाजपा में आने के लिए जरूर बातचीत चल रही है लेकिन कुछ बीजेपी में आए लोगों का हश्र देखकर और कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं का विरोध दलबदल की राह में गति अवरोधक बना हुआ है।

दरअसल, अब देश की राजनीति में दलबदल कोई ऐसा मुद्दा नहीं रहा जिससे कि शर्मिंदगी महसूस हो जिस तरह से राष्ट्रीय राजनीति में नीतीश कुमार ने दलबदल का परिणाम हर बार मुख्यमंत्री बनकर दिखाया है उससे अब वे राजनीतिज्ञ जो लंबा संघर्ष नहीं करना चाहते जो विपक्ष की बजाय सत्ता पक्ष की राजनीति करने में विश्वास रखते हैं वह जरूर इस समय भाजपा में एंट्री करने के दरवाजे तलाश रहे हैं और कुछ विपक्षी नेताओं को भाजपा के नेता ही ऑफर देकर भाजपा में बुला रहे हैं जिससे कि पार्टी के अंदर गुटबाजी के कारण पार्टी के नेताओं को स्थानीय स्तर पर कमजोर करने के लिए विरोधी दल के नेताओं को पार्टी में आमंत्रित कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद पंचायत और नगर निगमों के जनप्रतिनिधि भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं और कुछ महापौर और कुछ जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा ज्वाइन करने की राह पर है।

बहरहाल, मंगलवार को विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कांग्रेस विधायक विधायक ओंकार सिंह मरकाम को जिस तरह से पार्टी में आने का ऑफर दिया उनसे कहा कि वह गलत पटरी पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री जब ऐसा कह रहे थे तब विधायक ओमकार सिंह मरकाम हाथ जोड़ खड़े हुए और मुस्कुराते रहे।

हालांकि बाद में उन्होंने इन सब बातों को बेबुनियाद बताया लेकिन पार्टी में विभिन्न अंचलों में विभिन्न स्तर पर स्थानीय समीकरणों के हिसाब से दलबदल को हवा दी जा रही है और इस दल बादल में कांग्रेस के साथ–साथ बसपा, सपा और आप के नेताओं को भी अपने नेताओं को संभालना मुश्किल हो सकता है क्योंकि भाजपा जिस तरह से हारी हुई बाजी भी जीत रही है उस अन्य दलों के नेताओं का मनोबल टूट रहा है और वे विपक्ष में रहकर संघर्ष करने की बजाय सत्ताधारी दल के साथ जुड़कर राजनीति करने में समझदारी समझ रहे हैं।

कुल मिलाकर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर दलबदल का दौर आने वाला है हवा में वैसे तो कुछ बड़े नाम भी चल रहे हैं लेकिन स्थानीय स्तर पर समीकरणों के हिसाब से दल बदल किया जा सकता है।

# कर्नाटक सरकार के दिल्ली विरोध पर बीजेपी ने कहा, असफलताओं को छिपाने के लिए चली जा रही ये चाल

बेंगलुरु। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कर्नाटक के साथ सौतेले व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने 7 फरवरी को नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की, जिसके चलते सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान बढ़ गई है।

बीजेपी ने कहा है कि कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के दक्षिणी राज्य को एक अलग देश बनाने वाले बयान और हनुमान ध्वज हटाने के विवाद से हुए नुकसान पर कांग्रेस पर्दा डालना चाहती है।

कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के ह्यदक्षिण भारत के लिए अलग राष्ट्रह्न वाले बयान और हनुमान ध्वज हटाने के विवाद से हुए नुकसान को कांग्रेस छिपाना चाहती है।

सूत्रों ने कहा कि कर्नाटक बीजेपी ने 7 फरवरी को कर्नाटक सरकार द्वारा प्रस्तावित विरोध को राम मंदिर उद्घाटन सहित राज्य में



कई घटनाओं पर अपनी गंभीर प्रतिक्रिया को कवर करने के लिए एक सोचा-समझा प्लान करार दिया है।

कांग्रेस पार्टी अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भाजपा को मिली लाभप्रद स्थिति से परेशान है। चूंकि सीएम सिद्धारमैया खेमे के मंत्रियों द्वारा भगवान राम और अयोध्या में मंदिर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों की भारी आलोचना हुई, इसलिए उन्हें तिलक लगाने के लिए मजबूर किया गया और दावा किया गया कि वह भी एक भक्त हैं।कांग्रेस सरकार मांड्या जिले के केरागोडु गांव में हनुमान ध्वज को हटाने के कारण हुए झटके से निपटने की कोशिश कर रही है, इसलिए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने राज्यव्यापी हनुमान ध्वज अभियान शुरू किया है और हर घर में भगवा झंडा फहराने का लक्ष्य रखा है।

भाजपा के सूत्रों ने कहा कि इस आंदोलन से भगवा पार्टी को प्रभावशाली वोक्कालिगा समुदाय के गढ़ माने जाने वाले दक्षिण कर्नाटक के जिलों में पैठ बनाने में मदद मिलेगी। चूंकि जद (एस), जो इस क्षेत्र में अपनी मुख्य ताकत पाता है, भाजपा की सहयोगी है, भाजपा आत्मविश्वास से भरी हुई है।उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा, मैं कर्नाटक की तुलना गुजरात से नहीं कर रहा हूं। हम सिर्फ अपना उचित हिस्सा मांग रहे हैं। हमने सोचा कि ह्यडबल इंजन सरकारह्न ने कर्नाटक की मदद की होगी। लेकिन एक विस्तृत विश्लेषण से पता चलता है कि केंद्रीय बजट का आकार दोगुना होने के बावजूद राज्य को 62,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

कर्नाटक को केंद्रीय बजट में एक कच्चा सौदा मिल रहा है। इससे राज्य को पिछले 5 सालों में लगभग 62,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। 7 फरवरी को होने वाले विरोध प्रदर्शन में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कैबिनेट मंत्री, विधायक और एमएलसी भी हिस्सा लेंगे।हमने विरोध प्रदर्शन स्थल के बारे में केंद्र को लिखा है। उन्होंने विपक्षी दलों के विधायकों और एमएलसी से भी राज्य के लिए न्याय की मांग के लिए विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, केंद्रीय बजट का आकार जो 2018-19 में 24.5 लाख करोड़ था वह 2023-24 में दोगुना होकर 45 लाख करोड़ हो गया है

## अगले 48 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में होगी बारिश व बर्फबारी

श्रीनगर, । मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में अगले 48 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बर्फबारी या बारिश दर्ज की जा सकती है। घाटी में रात का तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे रहा। शनिवार को श्रीनगर का न्यूनतम तापमान शून्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस नीचे, गुलमर्ग का शून्य से 10.6 डिग्री सेल्सियस नीचे और पहलगाम का शून्य से 8.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 8.7 डिग्री सेल्सियस नीचे और कारगिल में शून्य से 12.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। जम्मू शहर में रात का न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस, कटरा में 6 डिग्री सेल्सियस, बटोट में 0.3 डिग्री सेल्सियस, भद्रवाह में शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे और बनिहाल में शून्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

## विपक्ष ने दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है : मालवीय

नई दिल्ली, भाजपा आईटी सेल के हेड और पश्चिम बंगाल के सह चुनाव प्रभारी अमित मालवीय ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कांग्रेस पर किए गए हमले का जिक्र करते हुए दावा किया है कि विपक्ष ने दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है और आगामी लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में भाजपा स्वीप करने जा रही है। मालवीय ने ममता बनर्जी के कांग्रेस पर किए गए हमले के वीडियो को शेयर करते हुए और राज्य सभा में दिए गए खड़गे के बयान का हवाला देते हुए शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि बीजेपी 400 सीटें जीतेगी। वहीं ममता बनर्जी चुटकी ले रही है कि अहंकारी कांग्रेस, 40 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। मालवीय ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिलने का दावा करते हुए कहा कि, विपक्ष ने दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है। पश्चिम बंगाल भी अलग नहीं होगा। भाजपा स्वीप करेगी ( भाजपा का परचम लहराएगा ) यह बात ममता बनर्जी भी अच्छी तरह जानती हैं।

## कश्मीर के सबसे पुराने मिशनरी स्कूलों में से एक के बंद होने का खतरा

श्रीनगर, । जम्मू-कश्मीर के बारामूला शहर में 1903 में स्थापित सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल को भूमि पट्टा समझौते का नवीनीकरण नहीं होने के कारण बंद करना पड़ेगा।

स्कूल परीक्षा बोर्ड ने इस साल स्कूल के छात्रों को परीक्षा के लिए पंजीकृत करने से इनकार कर दिया है। सेंट जोसेफ कश्मीर के सबसे पुराने ईसाई मिशनरी स्कूलों में से एक है। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि स्कूल का भूमि पट्टा समझौता 2018 में समाप्त हो गया था और उसने अधिकारियों को पट्टे के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया था।

स्कूल के प्रबंधन ने कहा, फाइल 2022 से डिविजनल कमिश्नर (कश्मीर) के कार्यालय में लंबित है और हमने इस संबंध में उपराज्यपाल के कार्यालय से भी संपर्क किया है। गौरतलब है कि अधिकारियों ने 2023 में किसी भी निजी स्कूल को परीक्षाओं के लिए पंजीकृत नहीं करने का निर्णय लिया था जो अवैध रूप से राज्य की भूमि पर चल रहे थे। इस बीच, निजी स्कूलों के संघ ने कहा है कि अगर सरकार उन जमीनों के पट्टों का नवीनीकरण नहीं करने की अपनी नीति जारी रखती है,

## ज्ञानवापी पर फैसले के बाद कोर्ट को धमकाने का प्रयास कर रहे कुछ मुस्लिम नेता : विहिप

नई दिल्ली, विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने देश के कुछ मुस्लिम नेताओं पर न्यायपालिका को धमकाने और मुस्लिम समाज को भड़काने का आरोप लगाते हुए देश के मुस्लिम समाज से ऐसे कट्टरपंथी नेताओं को ठुकरा कर सह-अस्तित्व में विश्वास रखने वाले नेतृत्व को स्थापित करने की अपील की है।

डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में अदालत के आदेश से हिंदुओं को पूजा करने का अधिकार मिला है। आज से 30 साल पहले मुलायम सिंह यादव ने मुस्लिम तुष्टीकरण के कारण से बिना किसी लिखित आदेश के हिंदुओं को पूजा करने के इस अधिकार से वंचित कर दिया था। हिंदुओं के साथ किए गए उस अन्याय को न्यायालय ने न्यायोचित तरीके से ठीक कर दिया और संपूर्ण देश को इसका स्वागत करना चाहिए। जैन ने आगे कहा कि अगर किसी भी वर्ग के साथ अन्याय हुआ हो और उस अन्याय को न्यायपालिका ठीक करती है, तो सभी को इसका स्वागत करना चाहिए, लेकिन जिस प्रकार से मुस्लिम पक्ष के कुछ नेताओं ने न्यायपालिका के इस निर्णय पर मुस्लिम समाज को भड़काने की कोशिश की है, काशी के अंदर दंगे और उपद्रव की स्थिति लाने की कोशिश की है, वह घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि एक ओर मुस्लिम पक्ष न्यायपालिका में अपील के लिए भी जा रहे हैं और वहीं सड़क पर दंगे भी करने की कोशिश कर रहे हैं। विहिप नेता ने आगे कहा कि मुस्लिम पक्ष के कुछ नेता यह बयान देते हैं कि मुस्लिम समाज का न्यायपालिका पर से विश्वास उठ रहा है, वह न्यायपालिका को धमकाने का प्रयास कर रहे हैं और इस तरह का प्रयास वह हर बार करते हैं, जब अदालत का कोई फैसला मुल्ला-मौलवियों की इच्छा और इरादों के खिलाफ जाता है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह का माहौल इन्होंने शाहबानो प्रकरण में आए न्यायपालिका के फैसले के समय बनाया, हिजाब के समय बनाया, ट्रिपल तलाक पर आए फैसले के समय बनाया और यहां तक कि अयोध्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को लेकर ये नेता आज भी विषवमन करते रहते हैं।जैन ने कहा कि मुस्लिम समाज का यह कट्टरपंथी नेतृत्व मुस्लिम समाज को आत्मघाती रास्ते पर ले जा रहा है, इसलिए वह मुस्लिम समाज से ऐसे कट्टरपंथी नेताओं को ठुकरा कर सह-अस्तित्व में विश्वास रखने वाले नेतृत्व को स्थापित करने की अपील करते हैं। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव जैसे नेताओं या विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा किए गए अन्याय के साथ खड़े होने वाला समाज संघर्ष को बढ़ावा देता है और यह किसी भी तरह से सह-अस्तित्व के सिद्धांत पर नहीं चल सकता है और ऐसे कट्टरपंथी नेता मुस्लिम समाज को भी प्रगति के रास्ते पर नहीं ले जा सकते।

## फ्रांस में एफिल टावर पर लॉन्च हुआ भारत का यूपीआई, भारतीयों को होगा बड़ा फायदा

नई दिल्ली, फ्रांस में पेमेंट करना और भी आसान हो गया और यूपीआई एक्टिव हो गया है। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने फ्रांस की लायरा के साथ हाथ मिलकर फ्रांस में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस लॉन्च किया है। इसकी शुरुआत फ्रांस के एफिल टावर से हुई है जहां भारतीय पर्यटक अपने यूपीआई से जुड़े ऐप के जरिए टिकट बुक कर सकेंगे।फ्रांस में यूपीआई पेमेंट्स शुरू होने से भारतीय पर्यटकों को सबसे बड़ा फायदा ये मिलेगा कि वे रुपये में पेमेंट कर सकेंगे। क्रेडिट और डेबिट कार्ड से इंटरनेशनल पेमेंट्स पर 0.99 से 3.5 फीसदी का मार्कअप चार्जेज लगता है और एक्सपर्ट्स का मानना है कि यूपीआई से पेमेंट करने पर इन चार्जेज से मुक्ति मिल सकती है। मार्कअप फीस वे चार्जेज हैं, जिसे बैंक और क्रेडिट कार्ड कंपनियां फॉरेन करेंसी में लेन-देन पर वसूलती हैं। भारत की बात करें तो यूपीआई का दायरा तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके 38 करोड़ से अधिक यूजर्स हैं। पिछले महीने जनवरी 2024 में ही इसके जरिए 1220 करोड़ से अधिक ट्रांजेक्शंस हुए इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस को बधाई दी। उन्होंने इस कदम को डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और संबंधों को मजबूत करने का एक अद्भुत उदाहरण बताया।

## बिहार : पिकअप वैन से उत्पाद विभाग टीम को कुचला, एक की मौत, दो घायल

अरवल, बिहार के अरवल जिले में एक पिकअप वैन चालक ने जांच से बचने के लिए उत्पाद विभाग टीम के वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में उत्पाद विभाग के वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि दो जवान घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार की रात अरवल-सहार पुल के पास हुई है। बताया जाता है कि एक पिकअप वैन नेवारी (पुआल) लादकर औरंगाबाद से भोजपुर जा रही थी। अरवल-सहार पुल के पास उत्पाद विभाग की टीम वाहनों की जांच कर रही थी। टीम ने पिकअप वैन को रुकने का इशारा किया और कुछ जवान अपने वाहन से उतरकर पिकअप वैन की ओर जा रहे थे, तभी वैन चालक ने वाहन की गति तेज कर दी और जवानों को कुचलते हुए उत्पाद विभाग के वाहन को जोरदार टक्कर मार दी।

इस घटना में उत्पाद विभाग के चालक की मौत हो गई और दो जवान घायल हो गए। मृतक चालक की पहचान करपी थाना क्षेत्र के बेलखारी गांव निवासी आनंद कुमार के रूप में हुई है। घायलों की पहचान मोतिहारी जिले के रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के बकया इंग्लिश गांव निवासी होमगार्ड जवान दिनेश कुमार और स्कैनर विवेक कुमार के रूप में हुई हैं। उत्पाद विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घायल पिकअप वैन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बिहार के बाद महाराष्ट्र में भी इंडिया को झटका, डा. भीमराव आंबेडकर के पोते बोले- सब खत्म हो गया

मुंबई, आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी के बीच सीट बंटवारे को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने भी शिरकत की।

प्रकाश आंबेडकर ने बैठक के बाद मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बैठक में यह सुनिश्चित करने का निर्णय किया गया है कि महाविकास आघाड़ी का अंत राष्ट्रीय स्तर पर बने विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए जैसा न हो। आंबेडकर ने कहा कि मेरे अनुसार विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए अब अस्तित्व में नहीं है। भीमराव आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबेडकर लंबे समय से महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी और आइएनडीआइए में अपनी पार्टी को शामिल करने का आग्रह करते रहे हैं, लेकिन उन्हें शामिल किए जाने से पूर्व ही आइएनडीआइए गठबंधन मृतप्राय हो चुका है। आज मुंबई में हुई महाविकास आघाड़ी की बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए आंबेडकर ने आज हुई बैठक को सकारात्मक बताया।

आंबेडकर ने कहा कि विपक्षी गठबंधन अब अस्तित्व में नहीं है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सीट बंटवारे पर असहमति को लेकर अलग-अलग रास्ते पर जा रही हैं।

## बीजपी विधायक ने पुलिस थाने में ही शिंदे गुट के नेता पर बरसाईं गोलियां

ठाणे, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पुलिस स्टेशन के अंदर ही गोलीबारी की खबर सामने आई है। इस घटना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना नेता को भाजपा विधायक ने गोली मारी है। शिवसेना नेता महेश गायकवाड़ को घायल करने के आरोप में भाजपा विधायक गिरफ्तार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों नेताओं में कुछ दिनों से मतभेद था। इसके बाद वे दोनों पुलिस स्टेशन में शिकायत करने आए थे, जहां भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने महेश गायकवाड़ और उनके साथियों पर गोली चला दी। घायल शिवसेना विधायक महेश गायकवाड़ को पास के अस्पताल में भर्ती



कराया गया है। उनके हालात की जानकारी अभी नहीं मिली है।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि महेश गायकवाड़ और उनके एक समर्थक को पांच गोलियां लगीं। रिपोर्टों के अनुसार, भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ शुक्रवार को हिल लाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अनिल जगताप के हॉल में बातचीत कर रहे थे, तभी भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ के समर्थकों ने झड़प की और महेश गायकवाड़ पर गोलियां चला दीं। डीसीपी सुधाकर पठारे ने कहा कि जांच चल अभी चल रही है।

इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने 3 इंजन सरकारह्न को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह फायरिंग पुलिस स्टेशन के अंदर हुई है।

## उदयपुर में फिल्मसिटी घोषणा की मांग

उदयपुर, अखिल राजस्थान फिल्म समिति ने राजस्थान की वित्त सह उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को पत्र भेजकर बजट में उदयपुर में फिल्मसिटी खोलने की घोषणा की मांग की है। समिति प्रमुख मुकेश माधवानी ( राजस्थान लाइन प्रोड्यूसर ) ने बताया कि इससे पर्यटन सिटी के साथ शहर की पहचान फिल्मसिटी के रूप में भी बनेगी। उन्होंने कहा कि उदयपुर शहर अपनी सुन्दरता के कारण पूरे विश्व में अपनी एक अलग ही पहचान के कारण शहर में बीते 40 वर्षो में 500 से अधिक बॉलीवुड, हॉलीवुड, राजस्थानी, एवं दक्षिण भारतीय फिल्मो की शूटिंग हो चुकी है, इसके अतिरिक्त अनेक टी.वी. धारावाहिक, विज्ञापन एवं म्यूजिक एल्बम की शूटिंग हो कर में उनमें उदयपुर की प्राकृतिक सुन्दरता को दर्शाया जा चुका है।

# यशस्वी के बाद जसप्रीत बुमराह के आगे बेबस हुए इंग्लिश खिलाड़ी, भारत ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेला

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच आज दूसरे टेस्ट मैच का दूसरा दिन है। दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत ने दूसरी पारी में 28 रन बनाए हैं और 171 रन की बढ़त बान ली है। इंग्लैंड की पहली पारी 253 पर सिमटी।

**यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक**

दूसरे दिन की शुरुआत में अश्विन सबसे पहले पवेलियन लौटे। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने अपना पहला दोहरा शतक पूरा किया। यशस्वी इस दोहरे शतक के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 में सबसे ज्यादा 209 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

एंडरसन की गेंद पर यशस्वी ने छक्का लगाने की कोशिश के चलते वह बेयरस्टो के हाथों कैच थमा बैठे। भारत की पहली पारी 396 रन पर समाप्त हो गई।

**इंग्लैंड की पारी**

गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ख्२स्त्र१३ इ४१ँ ने अंग्रेजी बल्लेबाजों की कमर तोड़ी और शानदार 6 विकेट अपने नाम किए। शुरुआत में कुलदीप यादव ने बेन डकेट के रूप में भारत को पहली सफलता दिलाई। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी रही और टीम का पहला विकेट 59 रन पर गिरा। इसके बाद



अक्षर पटेल ने जैक क्रॉली को 76 के निजी स्कोर पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच लेकर पवेलियन रवाना किया।

**जसप्रीत बुमराह ने लिए 6 विकेट**

इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने एतिहासिक स्पैल से इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने सबसे पहले अपनी स्विंग से जो रूट को 8वीं बार 5 रन पर पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने बेहतरीन यॉर्कर से ओली पोप को पांचवी बार 23 के निजी स्कोर पर पवेलियन चलता किया।

**कुलदीप ने चटकाए 3 विकेट**

विकेटकीपर बल्लेबाज बेयरस्टो को 25 रन पर बुमराह ने गिल के हाथों कैच आउट करते हुए अपना तीसरा विकेट लिया। इसके बाद कुलदीप ने बेन फोक्स को 6 रन पर पवेलियन भेजा। रेहान अहमद के रूप में कुलदीप ने इंग्लैंड का सातवां विकेट लिया और उन्हें 6 रन पर आउट किया।

**भारत को मिली बढ़त**

बुमराह ने एक बार फिर वापसी करते हुए कप्तान बेन स्टोक्स को 47 रन पर क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद उन्होंने टॉम हार्टली का 21 रन पर विकेट लेकर इस मैच में 5 विकेट अपनी झोली में डाले। आखिर में बुमराह ने एंडरसन का 6 रन पर विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी को 253 रन पर खत्म किया। भारत को 143 रन की बढ़त हासिल हुई।

**भारत की दूसरी पारी**

रोहित और यशस्वी ने दूसरी पारी का आगाज किया। यशस्वी ने दूसरी पारी के पांचवें ओवर में शोएब बशीर को लगातार तीन चौके जड़े। रोहित 13 और यशस्वी 15 के निजी स्कोर पर खेल रहे हैं।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे तस्कीन अहमद?



नई दिल्ली। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का अनुरोध किया है। हाल के दिनों में बांग्लादेश के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक तस्कीन ने बोर्ड से कहा है कि वह केवल व्हाइट बॉल क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने शनिवार, 3 फरवरी को क्रिकबज से बात करते हुए इसकी पुष्टि की। जलाल ने कहा कि तेज गेंदबाज ने अनुरोध के साथ एक पत्र भेजा था। बांग्लादेश प्रीमियर लीग के समापन के बाद इस पर विचार किया जाएगा।

**बीसीबी ने की पुष्टि**

जलाल यूनुस ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, "उन्होंने (तस्किन) एक पत्र भेजा था, जिसमें कहा गया था कि वह टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं। खेल (वर्तमान बीपीएल) खत्म होने के बाद हम इस संबंध में उनके साथ बैठेंगे।"

**वनडे वर्ल्ड कप के दौरान कंधे पर लगी थी चोट**

तेज गेंदबाज को हाल ही में समाप्त हुए वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। यह संभव हो सकता है कि तेज गेंदबाज समान कारणों से लंबे प्रारूप का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हों। बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने बताया कि चोट की प्रकृति पर चर्चा करने के लिए फिजियो के साथ बैठेगी।

टीम को कप्तान की टेंशन

गौरतलब हो कि बांग्लादेश टीम का नेतृत्व करने वाले कप्तान की समस्या से जूझ रही है। तमीम इकबाल के कप्तानी से इस्तीफा देने के बाद शाकिब अल हसन को फिर से टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। हालांकि, न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान के नजमुल हसन शांतो ने टीम का नेतृत्व किया था।

## विश्व एथ्लेटिक्स चैंपियनशिप में डाइविंग मिश्रित टीम स्पर्धा में ब्रिटेन का दबदबा

दोहा, ब्रिटेन ने शुक्रवार को दोहा में 2024 विश्व एथ्लेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि उन्होंने मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जिससे उनके गोताखोरी अभियान की मजबूत शुरुआत हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, थॉमस डेली, एंड्रिया स्पेंडोलिनी सिरिएक्स, स्कारलेट मेव जेन्सेन और डैनियल गुडफेलो ने असाधारण टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए कुल 421.65 अंक अर्जित कर जीत हासिल की, जबकि मेक्सिको और ऑस्ट्रेलिया को क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

अन्य डाइविंग हाइलाइट्स में, ऑस्ट्रेलिया की एलीशा कोलोई महिलाओं की 1 मीटर स्प्रिंगबोर्ड में विजयी रहीं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रभावशाली 260.50 अंक जुटाए। ब्रिटेन की ग्रेस रीड 257.25 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, उसके बाद मिस्र की महा आइसा रहीं, जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप में अपने देश के लिए पहला डाइविंग पदक जीता।

पिछले साल जापान के फुकुओका में दोनों स्पर्धाओं में मौजूदा चैंपियन चीन ने इस बार इन दोनों स्पर्धाओं में भाग नहीं लिया।

# विश्व कप स्पीड स्केटिंग में स्टोल्ज का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी




ओटावा, संयुक्त राज्य अमेरिका के जॉर्डन स्टोल्ज़ ने स्पीड स्केटिंग विश्व कप में अपना दबदबा जारी रखते हुए शुक्रवार को कनाडा के क्यूबेक में पुरुषों की 1,000 मीटर दौड़ का खिताब जीता।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताहांत साल्ट लेक सिटी में चार स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद, 19 वर्षीय अमेरिकी स्केटर ने इस स्पर्धा में अपनी लगातार चौथी विश्व कप जीत के लिए एक मिनट और 7.96 सेकंड का समय लिया। जापान के तात्सुया शिन्हामा 1:08.34 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कांस्य पदक चीन के निंग झोंगयान को मिला, जिन्होंने 1:08.49 में समापन किया।

जापान की मिहो ताकागी ने इस सीजन में महिलाओं की 1,000 मीटर में अपनी चौथी विश्व कप जीत हासिल करके एक नया टूर्नामेंट रिकॉर्ड बनाया। 1:14.19 में रेखा को पार करते हुए, मिहो ने कनाडाई इवानी ब्लोंडिन द्वारा आयोजित 1:15.83 के पिछले टूर्नामेंट अंक को तोड़ दिया।

नीदरलैंड की फेम्के कोक और इसाबेल ग्रेवेल्ट क्रमशः 1:15.07 और 1:15.72 के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

होम स्केटर टेड-जान ब्लोमेन ने 6:13.87 के एक अन्य टूर्नामेंट रिकॉर्ड के साथ पुरुषों की 5,000 मीटर दौड़ जीती, जबकि महिलाओं की 3,000 मीटर में नीदरलैंड की आइरीन शूटेन को 4:01.11 के साथ ताज पहनाया गया।

# सोन ह्युंग-मिन ने दक्षिण कोरिया को एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचाया

दोहा, कप्तान सोन ह्युंग-मिन ने शुक्रवार रात स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी जीती और अतिरिक्त समय फ्री-किक बनाकर ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 की वापसी के बाद दक्षिण कोरिया को एएफसी एशियाई कप सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।

टूर्नामेंट के दो बार के विजेता, 1960 के बाद पहली बार महाद्वीपीय खिताब हासिल करने के करीब एक कदम आगे बढ़ते हुए, मंगलवार को अंतिम-चार मुकाबले में जॉर्डन से भिड़ेंगे।

जर्मनी से दक्षिण कोरिया के मुख्य कोच जुर्गन क्लिंसमैन ने मैच से पहले कहा, मैं चाहता हूं कि वे अनुभव करें कि किसी टूर्नामेंट के अंत तक पहुंचने और ट्रॉफी के लिए खेलने का क्या मतलब होता है।

अपनी टीम के लिए क्लिंसमैन के प्रोत्साहन को 2015 संस्करण के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक क्वार्टरफाइनल में अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

दोहा के अल जनौब स्टेडियम में तेज़ हवा और थोड़ी ठंडी रात में, सॉकेरूज़ ने पूरी ऊर्जा और रक्षा से आक्रमण तक धाराप्रवाह परिवर्तन के साथ खेल की अच्छी शुरुआत की। 4-3-3 फॉर्मेशन में बाएं विंगर क्रेग गुडविन ने प्रतिद्वंद्वी के गलत पास के बाद क्षेत्र के किनारे पर कब्ज़ा कर लिया और 42वें मिनट में नाथनियल एटकिंसन के साथ अच्छे संयोजन के बाद ओपनर के लिए बाएं पैर से वॉली मारा। ब्रेक के बाद दक्षिण कोरिया ने और भी अधिक प्रयास किए, लेकिन कई क्रॉस के बाद बराबरी हासिल करने में असफल रहा, क्योंकि विशाल सेंटर-बैक हैरी सॉटर ने क्षेत्र में एक ठोस रक्षा का नेतृत्व किया। एलिमिनेशन का सामना करते हुए, प्रीमियर लीग क्लब टोटेनहम हॉटस्पर के स्टार फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन ने दक्षिण कोरिया को बचाने के लिए कदम बढ़ाया।




चोट के समय में छह मिनट के उनके दृढ़ संकल्प के कारण क्षेत्र में लुईस मिलर की बेईमानी हुई। प्रीमियर लीग क्लब वॉल्वरहैम्पटन वांडरर्स के स्ट्राइकर ह्वांग ही-चान ने ऑस्ट्रेलियाई कीपर मैथ्यू रयान को स्पॉट-किक मारकर क्वार्टरफाइनल गेम को अतिरिक्त समय में खींच लिया।

31 वर्षीय बेटे ने फिर से मशहूर स्टार की अहमियत साबित की।

अतिरिक्त समय के पहले भाग में सोन ने ऑस्ट्रेलियाई दीवार पर एक ट्रेडमार्क फ्री-किक मारी, जिससे क्लिंसमैन की टीम अगले दौर में पहुंच गई।

इससे पहले शुक्रवार को जॉर्डन ने ताजिकिस्तान पर 1-0 से जीत के बाद अपने इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com